दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 333
कोटद्वार शनिवार
15 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## 22 मई को खुलेगें श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**रूद्रप्रयाग** : द्वितीय केदार भगवान श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ 22 मई, 2023 को खोल दिए जाएंगे। वैशाखी के पर्व पर पूर्व परंपरानुसार पंचकेदार गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष, पुजारी, आचार्यों व स्थानीय हक-हकूक धारियों की उपस्थिति में कपाट खोलने की तिथि निश्चित की गई। श्री केदारनाथ मंदिर के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि श्री मद्महेश्वर भगवान की उत्सव डोली 18 मई, 2023 को श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ सभा मंडप से बाहर आएगी। उन्होंने बताया कि 19 मई को उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर में अवस्थान करेगी। इसके पश्चात् 20 मई को भगवान श्री मद्महेश्वर की डोली रात्रि विश्राम हेतु राकेश्वरी मंदिर रांसी में तथा 21 मई को गौंडार पहुंचेगी। अगले दिन 22 मई, 2023 को गौंडार से प्रातः मद्महेश्वर हेतु प्रस्थान करेगी तथा कर्क लग्न में भगवान श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट आम दर्शनार्थियों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

## 26 अप्रैल को खुलेगें तुंगनाथ मंदिर के कपाट

रूद्रप्रयाग : वर्ष 2023 की यात्रा हेतु तृतीय केदार श्री तुंगनाथ मंदिर के कपाट 26 अप्रैल, 2023 को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ प्रातः 10 बजकर 50 मिनट पर खोल दिए जाएंगे। वैशाखी के अवसर पर भगवान श्री तुंगनाथ जी की शीतकालीन गद्दी स्थल श्री मक्कूमठ मंदिर में दस्तूरदार आचार्यों की उपस्थिति में कपाट खोलने की तिथि निश्चित की गई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए श्री केदारनाथ मंदिर के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि श्री तुंगनाथ मंदिर की चल विग्रह डोली 24 अप्रैल, 2023 को श्री भूतनाथ मंदिर में रात्रि विश्राम करेगी। 25 अप्रैल को भगवान तुंगनाथ की उत्सव डोली भूतनाथ मंदिर से रात्रि विश्राम हेतु चोपता पहुंचेगी। 26 अप्रैल, 2023 को श्री तुंगनाथ भगवान की उत्सव डोली चोपता से प्रस्थान करेगी तथा इसी दिन 10 बजकर 50 मिनट पर मिथुन लग्न में आम दर्शन हेतु मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे।

## मवेशियों को बचाने के प्रयास में मां—बेटे की झुलसकर मौत

**महराजगंज एजेंसी।** गौशाला में मवेशियों को बचाने की कोशिश में 56 वर्षीय एक महिला और उसके 35 वर्षीय बेटे की जलकर मौत हो गई। घटना भुसी अमवा गांव में गुरुवार को उस समय हुई जब कौशल्या देवी ने मच्छरों से छुटकारा पाने के लिए घर का कूड़ा करकट जलाया।

ेकिन जल्द ही आग बड़ी लपटों में बदल गई और उन झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया, जहां मवेशी रखे गए थे।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया सीडीएस जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा का अनावरण व स्मारक का लोकार्पण



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कनक चौक, देहरादून में देश के पहले सीडीएस जनरल पद्म विभूषण बिपिन रावत की प्रतिमा तथा स्मारक स्थल का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनरल विपिन रावत की स्मृति को चिरस्थायी बनाये जाने के लिये प्रदेश की किसी बड़ी परियोजना को नाम उनके नाम पर रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि यह भव्य प्रतिमा तथा स्मारक स्थल जनरल बिपिन रावत के शौर्य, अदम्य साहस और वीरता का स्मरण कराने के साथ ही युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करेगा। सीडीएस जनरल रावत की प्रतिमा तथा स्मारक स्थल का निर्माण एमडीडीए द्वारा लगभग 50 लाख की लागत से किया गया है।

मुख्यमंत्री ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी आकस्मिक मृत्यु से देश को जो अपूरणीय क्षति पहुंची है, उसकी भरपाई कभी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है तथा भारतीय सेना के गौरवमयी इतिहास में उत्तराखण्ड के सैनिकों का विशिष्ट योगदान रहा है। उत्तराखण्ड के युवाओं का सेना में शामिल होना प्रमुख प्राथमिकता रही है। सैन्य सेवा हमारे लिये मात्र रोजगार का अवसर नहीं, वरन देश एवं समाज के लिये जीवन समर्पित करने का उत्कृष्ट अवसर भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व.जनरल बिपिन रावत की मातृभूमि के लिए चार दशकों की निस्वार्थ सेवा असाधारण वीरता और रणनीतिक कौशल से परिपूर्ण थी। जीवन के अंतिम दिन तक वे केवल और केवल देश के लिए ही जीए। उनका सेनाध्यक्ष तथा प्रथम सीडीएस बनना ,ये स्पष्ट दर्शाता है कि वे कितने योग्य जनरल थे। सेना के तीनों अंगों के आधुनिकीकरण तथा देश को रक्षा आवश्यकताओं के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाये जाने हेतु स्व. जनरल बिपिन रावत द्वारा विशेष प्रयास किये गये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान उनका मार्गदर्शन सैनिकों के बहुत काम आया। उनके अनुकरणीय योगदान और प्रतिबद्धता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने वीरता के नए नए प्रतिमान स्थापित किए। देश के साथ – साथ उत्तराखंड से भी उनका बड़ा लगाव था।मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक पुत्र होने के नाते उनका भी सेना के प्रति जुड़ाव रहा है। बचपन में वे भी सेना का हिस्सा बनना चाहते थे।

2021 में जनरल बिपिन रावत को जब ज्ञात हुआ कि मेरे पिता महार रेजिमेंट में रहे हैं तो उन्होंने महार रेजिमेंट सेंटर सागर जाने का कार्यक्रम बनाने तथा स्वयं भी वहां जाने की इच्छा जतायी थी किन्तु इस दुखद घटना के कारण महार रेजिमेंट सागर के कार्यक्रम में उन्हें उनका सानिध्य नहीं मिल पाया।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सैनिकों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। देहरादून के गुनियाल गांव में प्रदेश के शहीदों की शहादत स्मृतियों को यादगार बनाने के लिये भव्य "शौर्य स्थल" (सैन्य धाम) का निर्माण किया जा रहा है। इस साल के अंत तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड राज्यधीन सेवाओं में शहीद सैनिक के आश्रितों को जिलाधिकारी कार्यालय में समूह 'ग' अथवा 'घ' में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति प्रदान करने का कार्य भी कर रही है, अभी तक करीब 23 आश्रितों को नियुक्ति दी जा चुकी है। साथ ही विभिन्न युद्धों व सीमान्त झड़पों तथा आंतरिक सुरक्षा में शहीद हुये सैनिकों की विधवाओं व आश्रितों को एकमुश्त दस लाख का अनुग्रह अनुदान भी अनुमन्य किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युद्ध विधवा या युद्ध में अपंग सैनिकों को दो लाख रुपए तक की आवासीय सहायता भी प्रदान भी की जा रही है। जबकि सैनिक विधवाओं की पुत्री एवं पूर्व सैनिकों की अनाथ पुत्रियों के विवाह हेतु एक लाख रूपये का अनुदान देने की भी व्यवस्था की गई है। सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के हितों के लिए हरसंभव मदद के साथ ही सैनिकों के सपनों का उत्तराखण्ड बनाना हमारा लक्ष्य है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं विधायक खजान दास ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, मेयर सुनील उनियाल गामा, जे.ओ.सी संजीव खत्री, उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए. बंशीधर तिवारी, से.नि. मे.ज. जी.एस. रावत, मे.ज. आनन्द सिंह रावत,, जनरल विपिन रावत की दोनों पुत्रियां सुश्री कृतिका एवं तारिणी, सेना के अधिकारी एवं जवानों के साथ बड़ी संध्या में लोग मौजूद थे।

# दिल्ली सीएम को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया



**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने 16 अप्रैल सुबह 11 बजे बुलाया है। जानकारी सामने आ रही है कि केजरीवाल से भी दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले को लेकर सवाल जवाब करेगी। अब यह बात भी सामने आ रही है कि केजरीवाल सीबीआई मुख्यालय जाएंगे और जांच में शामिल होंगे।

सीबीआई द्वारा केजरीवाल को पूछताछ के नोटिस भेजे जाने पर आम आदमी पार्टी की ओर से पहली प्रतिक्रिया देते हुए सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर लिखा, अत्याचार का अंत जरूर होगा। उन्होंने इस मुद्दे पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मैंने अरविंद केजरीवाल से पहले ही कह दिया था कि जेल जाने का अगला नंबर आपका है। ये लोग (बीजेपी) मोदी जी का भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कुछ भी करेंगे और आज सीबीआई का समन आ गया।

संजय सिंह ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि आपने देश का पैसा अपने दोस्त (अडानी) के बिजनेस को बढ़ाने के लिए लगाया है। केजरीवाल के खिलाफ साजिश रची गई। लेकिन इस साजिश के खिलाफ केजरीवाल की लड़ाई रुकेगी नहीं। आपने जो लाखों करोड़ों रुपये का घोटाला किया है उसके बारे में देश के हर कोने में जाकर बताना जरूरी है।

जिस केजरीवाल ने दिल्ली को स्वच्छ पानी, मुफ्त बिजली और बेहतर शिक्षा दी। भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी मुहिम थमने वाली नहीं है। आपने अपने दोस्त के साथ मिलकर लाखों करोड़ों का घोटाला किया। उसे दबाने के लिए ये गिरफ्तारी की साजिश रच रहे हैं। केजरीवाल पहले भी आपसे लड़ते रहे हैं और आगे भी आपसे लड़ते रहेंगे। आगे भी भ्रष्टाचार के खिलाफ ये मुहिम जारी रहेगी। ये तमाम लड़ाइयां आगे भी जारी रहेंगी। इससे ने दिल्ली वालों का काम रूका न और न वो झुके।

बता दें कि दिल्ली में नई आबकारी नीति में हुए कथित घोटाले मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। उन्हें सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के नोटिस का जवाब देने के लिए आम आदमी पार्टी भी आक्रमक नजर आ रही है।

# बढ़ी चिंता...24 घंटे में सात स्थानों पर धधके जंगल



देहरादून । उत्तराखंड में मौसम का रुख बदलते ही एक बाद फिर जंगल धधकने लगे हैं। मौसम में आए बदलाव के कारण तेजी से तापमान बढ़ रहा है। इसका असर वनाग्नि पर भी दिखने लगा है। शुक्रवार को प्रदेशभर में सात स्थानों पर जंगल में आग लगने की घटनाएं दर्ज की गईं। इसके साथ ही 10 अप्रैल को पौड़ी के चौबट्टाखाल क्षेत्र में जंगल की आग में जलकर मरे दो युवकों को भी वन विभाग ने अपनी रिपोर्ट में दर्ज कर लिया है।

बीते दिनों हुई बारिश का असर रहा कि प्रदेश में इक्का–दुक्का स्थानों को छोड़कर कहीं भी जंगल में आग नहीं लगी, लेकिन जैसे ही मौसम ने शुष्क रूप लिया, आग की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। मुख्य वन संरक्षक, वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को गढ़वाल में एक और कुमाऊं क्षेत्र में छह स्थानों पर वनाग्नि की घटनाएं दर्ज की गईं।इनमें करीब 7.3 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जबकि 17 हजार 300 रुपये की आर्थिक क्षति का आकलन किया गया है। प्रदेश में जंगल की आग में अब तक दो लोगों के मारे जाने और एक व्यक्ति के झुलस कर घायल होने की घटना दर्ज की गई है।इस वनाग्निकाल में अब तक कुल 147 घटनाओं में 188 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल चुका है, जबकि छह लाख 98 हजार 471 रुपये की क्षति का आकलन किया गया है। मुख्य वन संरक्षक वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन निशांत वर्मा ने बताया कि मौसम में आए बदलाव के बाद वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि दर्ज की गई है।

## तीन दिवसीय दौरे पर दून पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति कोविंद, डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**देहरादून** । देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने देहरादून के गढ़ीकैंट में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उनके साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। बता दें कि गढ़ीकैंट में डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति से पूर्व राष्ट्रपति का विशेष लगाव रहा है। दिसंबर 2021 में राष्ट्रपति रहते हुए वह उत्तराखंड भ्रमण पर आए थे। तब दिल्ली वापसी के दौरान गढ़ी कैंट में लगी भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की इस प्रतिमा के छोटा होने की बात उन्होंने अपने परिसहाय से की थी। इस बात को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रतिमा के जीणोद्धार के लिए सीईओ कैंट बोर्ड से अनुरोध किया था। अध्यक्ष कैंट बोर्ड एवं सीईओ कैंट बोर्ड ने प्रतिमा के आकार को बड़ा करने के साथ ही जीणोद्धार कर इसे बेहतर स्वरूप दिया है। इसके बाद राज्यपाल ने अपने दिल्ली भ्रमण के दौरान इस प्रतिमा के नए स्वरूप को पूर्व राष्ट्रपति को दिखाया था।

# कोरोना के बीच हरिद्वार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़...बिना मास्क हर कोई दिखा बेफिक्र

**हरिद्वार** । हरिद्वार में बैसाखी पर्व स्नान तो सकुशल संपन्न हो गया, लेकिन अब कोरोना के प्रसार की आशंका बढ़ गई। देशभर में बढ़ते कोरोना के प्रसार को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्नान के मद्देनजर कोविड एसओपी तो जारी की लेकिन लागू नहीं हो सकी। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के रैंडम थर्मल स्कैनिंग करने वाली स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी कहीं नजर नहीं आई। श्रद्धालु तो दूर ड्यूटी कर्मी बेखौफ होकर बिना मास्क हरकी पैड़ी और आसपास घाटों पर घूमते दिखे। कोविड की एसओपी कागजों तक सिमटकर रह गई। उत्तराखंड के साथ देश के कई राज्यों में कोविड संक्रमण फिर से फैलने लगा है। हरिद्वार में भी संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। शुक्रवार को बैसाखी के पर्व स्नान पर देशभर से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय ने आनन–फानन में बृहस्पतिवार की रात कोविड एसओपी जारी की।



इसमें मेला क्षेत्र के अलावा होटल, लॉज, धर्मशालाओं में ठहरने वालों की रैंडम थर्मल स्कैनिंग करने के साथ ही सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनने की अनिवार्यता के आदेश जारी किए। स्वास्थ्य विभाग सीमित संसाधनों और कर्मियों के चलते थर्मल स्कैनिंग नहीं कर सका। बैसाखी पर्व स्नान पर लाखों श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।

हरकी पैड़ी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू हो गई थी। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पर्व पर 9 लाख 45 हजार लोगों ने किया हरिद्वार में गंगा स्नान किया। अलग–अलग राज्यों से गंगा स्नान के लिए पहुंचे भक्तों ने मंदिरों में दर्शन भी किए। हरकी पैड़ी पर स्नान कर गंगा पूजन के बाद श्रद्धालु मां मनसा देवी और मंडी चड़ी देवी, श्री दक्षिण काली मंदिर पहुंचे। चंडी और मनसा देवी के लिए रोप–वे टिकट की मारामारी रही। टिकट के लिए श्रद्धालुओं को घंटों कतार में जूझना पड़ा। मंदिरों में देवी के दर्शनों के लिए भी घंटों कतार लगी।

चारधाम यात्रा से पूर्व बैसाखी के स्नान पर उमड़ी भीड़ से व्यापारी खुश नजर आए। बाजारों में देर रात तक चहल पहल रही। अपर रोड जीरो जोन रहा। बाजार में हरकी पैड़ी के लिए आवाजाही करने वाले यात्रियों का हुजूम उमड़ा। श्रद्धालुओं ने पूजन सामग्री के अलावा अन्य जरूरत के सामान की खरीदारी की।

## दिल्ली की तिहाड़ जेल में चाकूबाजी: बदमाश प्रिंस तेवतिया की चाकू घोंपकर हत्या, 3 कैदी घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। तिहाड़ जेल संख्या–3 में प्रिंस तेवतिया नाम के कैदी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वहीं, चाकूबाजी में तीन कैदी घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि घायल कैदियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दिल्ली पुलिस की एक टीम तिहाड़ जेल में पहुंची है और जांच कर रही है। पुलिस की निगरानी में कैदियों का इलाज किया जा रहा है। गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया दिसंबर में ही तिहाड़ जेल पहुंचा था। इसका गिरोह दक्षिणी दिल्ली में सक्रिय है। इस पर लगभग 16 मामले दर्ज हैं। प्रिंस तेवतिया की हत्या का आरोप रोहित चौधरी गैंग पर लगा है। मृतक के शव को डीडीयू अस्पताल ले जाया गया।बता दें कि चाकूबाजी लगभग पांच बजे हुआ है। जेल सूत्रों के अनुसार, दो गुटों में किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी। इस दौरान कैदियों के गुटों ने चाकू से वार किया था। जिसमें प्रिंस तेवतिया पर कई वार किए गए थे।

# 'दया याचिकाओं पर फैसले में देरी का फायदा उठा रहे हैं दोषी': सुको

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा– जल्द से जल्द हो फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों और संबंधित अधिकारियों को दया याचिकाओं पर जल्द से जल्द फैसला लेने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि मौत की सजा का सामना कर रहे दोषी अपनी दया याचिकाओं पर निर्णय में हो रही अत्यधिक देरी का फायदा उठा रहे हैं। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा बॉम्बे हाई कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी। जिसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की।

जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा अंतिम निष्कर्ष दिए जाने के बाद भी, दया याचिका पर फैसला करने में अत्यधिक देरी होने से मौत की सजा का उद्देश्य विफल हो जाएगा। इसलिए राज्य सरकारों या संबंधित अधिकारियों को दया याचिकाओं पर जल्द से जल्द फैसला लेना चाहिए, ताकि दोषी को भी अपने भाग्य का पता चल सके और पीड़ित को भी न्याय मिल सके।

# 'नॉर्थ ईस्ट में अविश्वास का माहौल हो रहा दूर': पीएम

**गुवाहाटी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाले पुल की आधारशिला रखी। इस दौरान गुवाहाटी के सुरसजई स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी बिहू समारोह में सम्मिलित हुए, जहां पर लेजर शो का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा समेत कई नेतागण मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का यह दृश्य, टीवी पर देखने वाला हो या यहां कार्यक्रम में मौजूद हो, जीवन में कभी भूल नहीं सकता है। यह अद्भुत है, अभूतपूर्व है... ये असम है। उन्होंने कहा कि असम के हजारों कलाकारों की मेहनत, यह तालमेल आज देश और दुनिया बड़े गर्व के साथ देख रही है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान जब यहां आया था, उस वक्त मैंने कहा था कि वो दिन दूर नहीं जब 'अ' से लोग असम बोलेंगे। आज वाकई असम 'एवन' प्रदेश बन रहा है। इसी बीच उन्होंने असमवासियों को बिहू



की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि आज असम और पूर्वोत्तर को 'एम्स गुवाहाटी' और तीन नए मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है। आज पूर्वोत्तर की रेल कनेक्टिविटी से जुड़ी कई परियोजनाओं की भी शुरुआत हुई है। साथ ही ब्रह्मपुत्र पर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए एक और ब्रिज पर काम शुरू हुआ है। मिथेनॉल प्लांट शुरू होने से असम अब पड़ोसी देशों को यह निर्यात कर पाएगा।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अपनी संस्कृति को असमवासियों ने बहुत संभाल कर रखा है। इसके लिए जितनी बधाई आपको मिले, वो कम है। जितने भी साथियों ने सांस्कृति उत्सव में हिस्सा लिया है, उनकी प्रशंसा में शब्द कम पड़ जाएंगे। हमारे त्योहार सिर्फ संस्कृति का उत्सव मात्र नहीं है, बल्कि सभी को जोड़ने और मिलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी है।उन्होंने कहा कि बिहू को केवल शाब्दिक अर्थों में नहीं समझा जा सकता है, बल्कि इसे समझने के लिए भावनाओं और अहसासों की जरूरत होती है। आज भारत आजाद है और विकसित भारत बनाना हमारा सबसे बड़ा सपना है। हमें देश के लिए जीने का सौभाग्य मिला है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की विशेषता यही है कि हमारी संस्कृति, हमारी परंपराएं हजारों–हजार वर्षों से हर भारतवासी को जोड़ती आई हैं। हमने मिलकर गुलामी के लंबे कालखंड के हर हमले का सामना किया। हमने मिलकर अपनी संस्कृति और सभ्यता पर कड़े से कड़े प्रहार झेले।

इसी बीच उन्होंने कहा कि सत्ताएं बदली, शासक आए–गए, लेकिन भारत अटल रहा। हम भारतीयों का मन अपनी मिट्टी से बना है, अपनी संस्कृति से बना है। यही आज विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत आजाद है और आज विकसित भारत का निर्माण हम सभी का सबसे बड़ा सपना है। हमें देश के लिए जीने का सौभाग्य मिला है। मेरे भारत के युवाओं, आपमें विश्व विजय करने का सामर्थ्य है। आप आगे बढ़िए... तेज गति से विकास की बागडोर संभालिए...विकसित भारत के द्वार खोलिए।उन्होंने कहा कि आज पूवोत्तर में अविश्वास का माहौल दूर हो रहा है, दिलों की दूरी मिट रही है। हमारी सरकार के प्रयासों से आज नॉर्थ ईस्ट में हर तरफ स्थाई शांति आ रही है।

अनेकों युवाओं ने हिंसा का रास्ता छोड़कर, विकास के रास्ते पर चलना शुरू कर दिया है।

# यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के साथ पशु क्रूरता न हो : मौलखी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन संबोधित करते हुए पीपुल्स फॉर एनिमल्स पशु कल्याण संगठन की सदस्य श्रीमती गौरी मौलखी ने कहा कि धार्मिक स्थलों में पशुओं के साथ किसी भी प्रकार से बुरा व्यवहार एवं क्रूरता की जाती है तो यह उत्तराखंड के लिए अच्छी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के साथ किसी भी प्रकार से कोई पशु क्रूरता न हो इस पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कड़ी निगरानी रखें तथा यात्रा के दौरान यदि किसी घोड़े-खच्चर के साथ किसी भी प्रकार की कोई क्रूरता की जाती है तो संबंधित घोड़ा-खच्चर स्वामी एवं संचालक के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। श्रीमती गौरी मौलखी ने पशु क्रूरता अधिनियम के संबध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि धारा-11 में परिभाषित किया गया है कि किसी भी पशु पर अधिक बोझ लादना, विकलांग, घायल, कमजोर, वृद्ध आदि से कार्य किया जाना तथा पोष्टिक आहार व गरम पानी न देना, लगातार कार्य कराना एवं रहने के लिए उचित प्रबंधन न करना पशु क्रूरता है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा ऐसा किया जाता है उसके विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत त्वरित कार्यवाही की जानी नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के साथ किसी प्रकार से कोई क्रूरता न हो इस पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निरंतर कड़ी निगरानी रखें तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित घोड़े–खच्चर स्वामी एवं संचालक द्वारा उन्हें समय–समय पर उचित पौष्टिक आहार एवं पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है कि नहीं। किसी भी दशा में यात्रा मार्ग में कमजोर, विकलांग, अनफिट घोड़े–खच्चरों का संचालन न किया जाए। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा इससे पूर्व घोड़े-खच्चरों का स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए स्वस्थ एवं तंदुरुस्त घोड़े-खच्चरों का ही यात्रा मार्ग में संचालन की अनुमति दी जाए जिससे कि यात्रा मार्ग में किसी भी घोड़े-खच्चर की मृत्यु न होने पाए।



## पालिका अध्यक्ष ने किया जन सेवा केंद्र का शुभारंभ

मसूरी। शुक्रवार को किंगरेग स्थित बारह कैंची मार्ग पर जन सेवा केंद्र का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि यहां पर खोला गया जन सेवा केंद्र का लाभ मसूरी सहित आसपास के क्षेत्र कौन लोगों को मिलेगा। वही जन सेवा केंद्र संचालक धीरेंद्र नेगी ने बताया कि यहां पर रेलवे, बस टिकट, हवाई टिकट, मनी विड्रोल ,वाहन बीमा, लाइफ इंश्योरेंस, आरटीओ सर्विस, आय प्रमाण पत्र ,जन्म प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र बिजली बिल पासपोर्ट अप्लाई मोबाइल रिचार्ज ड्राइविंग लाइसेंस पैन कार्ड आधार कार्ड पासपोर्ट फोटो लेमिनेशन प्रिंट, आधार फोटो कॉपी जैसी सुविधाये उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने सभी से अपील की कि इस सेवा का लाभ जरूर उठाएं। इस मौके पर विनोद कंडारी, प्रेम रावत ,महिपाल पवार ,अनीता नेगी, अनिल कुकरेती मौजूद रहे।

## ओंकारेश्वर मंदिर में किया कोठा भवन जीर्णोद्धार का भूमि पूजन

रूद्रप्रयाग : भगवान केदारनाथ के शीतकालीन पूजा स्थल ओंकारेश्वर मंदिर के कोठा भवन जीर्णोद्धार के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, एक्सप्रेस ग्रुप के महाप्रबंधक अवनीश सिंह एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना की गई।तीन चरणों में होने वाले इस कार्य में मंदिर के कोठा भवन निर्माण, सौंदर्यीकरण व विस्तारीकरण का कार्य किया जाएगा। बीते 25 वर्षों से ओंकारेश्वर मंदिर में कोठा भवन जीर्णशीर्ण स्थित में है। जिसके निर्माण के लिए स्थानीय लोगों द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी। विगत माह पूर्व कोठा भवन निर्माण के लिए एक्सप्रेस ग्रुप एवं बीकेटीसी के बीच इस सम्बंध में अनुबंध किया गया था। वहीं कोठा भवन का निर्माण पौराणिक शैली में अनुसार किया जाएगा। कोठा भवन का निर्माण कार्य तीन चरणों में पूर्ण किया जाएगा। पहले चरण का कार्य 470.39 लाख की लागत में किया जाएगा जिसमें भैरवनाथ मंदिर, बाराही मंदिर, पंचकेदार मंदिर, भोग मंडी आदि का निर्माण कार्य किया जाएगा। दूसरे चरण में चंडिका देवी मंदिर, उषा अनिरुद्ध विवाह स्थल, गद्दी स्थल आदि का निर्माण किया जाएगा एवं तृतीय चरण में तीसरे चरण में ओंकारेश्वर मंदिर परिसर से बाहर अवस्थापना सुविधाऐं, सड़क, पार्किंग, जन सुविधायें, वेटिंग रुम आदि का निर्माण कार्य किया जाएगा।

इस मौके पर बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि पहले चरण के निर्माण के लिए विधिवत पूजा अर्चना की गयी। कहा कि तीन चरणों में कार्य किया जाना है। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कोठा भवन के जीर्णोद्धार से मंदिर की भव्यता और बढ़ेगी।

## बैसाखी पर्व मां गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

उत्तरकाशी : बैसाखी के पर्व पर गंगा घाटों पर आस्था का सैलाब देखने को मिला। दूर दराज क्षेत्र के ग्रामीण देव डोलियों संग गंगा स्नान को पहुंचे और गंगा तटों पर मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और मंदिरों में जलाभिषेक भी किया।

शुक्रवार को बैशाखी के पर्व पर उत्तरकाशी के पौराणिक मणिकर्णिका, जडभरत, गंगोरी, लक्ष्येश्वर, देवीधार, हीना आदि स्नान घाटों पर सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु एवं देव डोलियां गंगा स्नान को पहुंचे। जहां पर सभी ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और गंगा आरती के साथ अपने–अपने अराध्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। स्नान पर्व पर मुसड़गांव के नागराजा देवता, पंचाणा गांव के चंदणनाग, नागणी माता, खंण्डद्वारी, नाग देवता, रेणुका देवी, भैरव देवता, राजराजेश्वरी की देव डोलियां, ढोल, निशान आदि गंगा स्नान को पहुंची और गंगा में स्नान करने के बाद अपने गंतव्य को रवाना हुई। इस दौरान नगर के प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर, हनुमान, कंडार देवता सहित नगर क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में भी जलाभिषेक व दर्शनो के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।



बैसाखी के पर्व पर नगर पालिका परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की घोर लापरवाही देखने को मिली। यहां चमाला की चौंरी पर श्रद्धालुओं को देव डोलियों के दर्शन के दौरान अंडे के छिलके, मांस सहित यूज डायपर्स के साथ ही अन्य कचरा बिखरा हुआ मिला। जिस पर स्थानीय लोगों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और स्वंय साफ सफाई करने के बाद देवी देवताओं को चमाला की चौंरी के दर्शन कर-एए। नागदेवता मुसडंगाव के मंहत व चंद्र शेखर नौटियाल व शास्त्री सुरेश चंद भट्ट ने बताया कि चमाला की चौंरी स्थानीय देवी देवताओं का प्रमुख स्थान व थात हैं। गंगा स्नान के बाद इस स्थान पर देव डोलियां व उनके पश्वा अवतरित होंते हैं। लेकिन शुक्रवार को गंदगी का अंबार देख हर एक श्रद्धालु के मन को ठेस पहुंची है। धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। (एजेंसी)

## गाडू घड़ा यात्रा पहुंची रूद्रप्रयाग

रूद्रप्रयाग : बदरीनाथ के लिए जा रहे पवित्र गाडू घड़े के रुद्रप्रयाग पहुंचने पर मुख्यालय सहित अनेक स्थानों पर लोगों ने दर्शन कर पुण्य अर्जित किए। इस दौरान जय बदरी-विशाल के जयघोषों से माहौल भक्तिमय बना रहा। शुक्रवार को अपराह्न साढ़े तीन बजे गाडू घड़ा यात्रा मुख्यालय पहुंची। जहां अनेक स्थानों पर भक्तों ने इस पवित्र यात्रा के दर्शन किए। खांकरा, नरकोटा, रैतोली, गुलाबराय, रुद्रप्रयाग, तिलणी, सुमेरपुर, रतूड़ा, नगरासू आदि स्थानों पर लोगों ने गाडू घड़ा यात्रा के दर्शन किए। साथ ही भगवान बदरी–विशाल से खुश शांति की प्रार्थना की।

## बीस सूत्रीय कार्यक्रम में राज्य में टिहरी रहा पहले स्थान पर

नई टिहरी : विकास परक कार्यक्रम बीस सूत्रीय में जनपद टिहरी गढ़वाल को अप्रैल 2022 से फरवरी 2023 तक जनपद में सभी 13 जनपदों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। सभी विभागों के साथ समन्वित तालमेल व योजनाओं के वृहद प्रचार–प्रसार के के चलते जनपद को यह उपलब्धि मिली है।यह जानकारी देते हुए सीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि जनपद के समस्त सम्बंधित विभागों ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत गरीबी हटाओ, जन शक्ति, किसान मित्र, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास, शुद्ध पेयजल, जन–जन का स्वास्थ्य, सबके लिए शिक्षा, अनुसूचित जाति–जनजाति–अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण, बाल कल्याण, युवा विकास, बस्ती सुधार, पर्यावरण सुरक्षा एवं वन वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़क, ग्रामीण ऊर्जा, पिछड़ा क्षेत्र विकास तथा ई–शासन में बेहत्तर कार्य किया है। सीडीओ ने बताया बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद टिहरी ने 29 मदों में ए श्रेणी प्राप्त कर प्रदेश के समस्त 13 जनपदों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन मदों में एनआरएलएम–नवगठित एवं पुनर्जीवित किये गये स्वयं सहायता समूह, एनयूएलएम के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह, एनआरएलएम रिवाल्विंग फण्ड प्राप्त स्वयं–सहायता समूह, एनआरएलएम सामुदायिक निवेश फण्ड प्राप्त स्वयं सहायता समूह, कुल सीआईएफ में से आय अर्जित करने वाले स्वयं सहायता समूह, एनआरएलएम–कुल सीआईएफ महिला स्वयं सहायता समूह में से बैंक क्रेडिट लिंक करने वाले समूह, एनयूएलएम स्वरोजगार से लाभान्वित लाभार्थी, राजकीय सिंचाई, लघु सिंचाई सिंचन क्षमता सृजन, एनएफएसए, एनएफएसए, एएवाई, एनएफएसए–प्राथमिक परिवार, एसएफएसवाई-टाईड ओवर, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (नगरीय), स्वीन टीकाकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय, अनुसूचित जाति परिवारों को आर्थिक सहायता आदि में बेहतर कार्य किये गये हैं।

## एक नजर

### योग को दैनिक जीवन में अपनाने को कहा

रूद्रप्रयाग : ओंकारानंद इंका जखोली के प्रांगण में शुक्रवार को योग पतंजलि योगपीठ की तहसील प्रभारी सेवानिवृत्त अध्यापिका सुशीला मेवाड़ के मार्गदर्शन में पतंजलि के सौजन्य से योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिक्षिका सुशीला मेवाड़ व पतंजलि योगपीठ की महिला जिला प्रभारी गुड्डी भण्डारी ने बच्चों को आसन, प्राणायाम और ध्यान कराए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अमिता नेगी और खेल अध्यापक संदीप कुमार ने बच्चों को नियमित योग क्रियाएं करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में छात्र-छात्राओं को मिली योग शिक्षा, सूर्य नमस्कार आदि को दैंनिक जीवन में अपनाने को कहा है। शिविर में छात्र-छात्राओं ने दैंनिक जीवन की शुरुआत योग से करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमिता नेगी, सेवानिवृत्त शिक्षक आनन्द सिंह राणा, संदीप कुमार आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### बीजेपी अनूसूचित मोर्चो ने शहर में मनाई अम्बेडकर जयंती

देहरादून। अम्बेडकर जयंती पर शुक्रवार को भाजपा के अनुसूचित मोची द्वारा शहर में जगह जगह पुष्पांजलि कार्यक्रम हुए। घंटाघर अम्बेडकर पार्क व शिवाजी नगर छबीलबाग में अम्बेडकर नगर मंडल द्वारा, वाल्मिकी बस्ती करनपुर, रतन चौक में करनपुर मंडल, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल, केदारनगर मंडल द्वारा कारगी चौक, धर्मपुर मंडल द्वारा रीठामंडी शिव मंदिर, पंडित दीन दयाल नगर मंडल, जीएमएस मंडल द्वारा गांधी ग्राम, प्रेमनगर कांवली मंडल द्वारा ब्योमप्रस्थ में, रायपुर नगर मंडल द्वारा तुनवाला, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मंडल द्वारा क्षेत्रीय बस्ती, तपोवन मंडल स्थानीय बस्ती, मसूरी मंडल, शहीद दुर्गामल्ल मंडल, श्रीदेव सुमन नगर मंडल द्वारा पथरियापीर में कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम संयोजक भाजपा अनुसूचित मोर्चा महानगर अध्यक्ष विशाल कुमार ने बताया कि बाबा भीमराम अम्बेडकर की 132 वीं जयंती पर कार्यकर्ताओं में उत्साह रहा। डीएल रोड में शोभायात्रा व प्रसाद वितरण हुआ।

## ऋषिकेश में वीकेंड पर लगने वाले जाम से मिली राहत

ऋषिकेश। श्यामपुर रेलवे फाटक और शहर में जाम से लोगों को राहत देने के लिए पुलिस का वीकेंड से जुड़ा नया ट्रैफिक प्लान शुक्रवार को लागू हो गया। इस दौरान रेलवे फाटक बंद होने से हाईवे पर वाहनों को दबाव बढ़ते ही बाहरी राज्यों के वाहनों को पुलिस ने नेपालीफार्म से भानियावाला के लिए डायवर्ट किया, जिससे स्थानीय लोगों को जाम से राहत मिली। डीजीपी अशोक कुमार के निर्देश पर प्लान के लिए क्रियान्वयन के लिए ट्रैफिक इंस्पेक्टर रविकांत भी मौके पर पहुंच गए। मुख्यालय से भी करीब 40 अतिरिक्त पुलिसकर्मी यातयात प्लान को लागू कराने के लिए मुस्तैद नजर आए। नेपालीफार्म से रूट डायवर्ट होने से बाहरी राज्यों के वाहन सवारों को 20 किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय कर रानीपोखरी होते हुए ऋषिकेश पहुंचना पड़ा। जबकि नेपालफार्म से ऋषिकेश पहुंचने में मात्र दस किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। रूट डायवर्ट होने से वाहन चालकों को थोड़ी बहुत परेशानी हुई। उन्हें करीब दस किलोटर अतिरिक्त चलना पड़ा। वहीं, पर्वतीय इलाकों से आने वाले वाहनों को गरुड़चट्टी से होते हुए बैराज–चीला मार्ग से हरिद्वार भेजा गया। पुलिस की नई व्यवस्था से वाहनों को नेशनल हाईवे पर जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलती दिखी। प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे ने बताया कि वीकेंड के लिए यह फोर्स मिला है। बता दें कि, हर वीकेंड पर श्यामपुर और तपोवन क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए डीजीपी अशोक कुमार ने एम्स में टिहरी, पौड़ी व देहरादून के पुलिस अधिकारियों की बैठक की थी, जिसमें वीकेंड के लिए यह प्लान बनाया गया था।




## 17 अप्रैल को 1 लाख से अधिक बच्चों को खिलाई जाएगी अल्बेंडाजोल दवा

उत्तरकाशी : राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 17 अप्रैल को जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवा अल्बेंडाजोल दी जाएगी। जिले में एक लाख 4 हजार बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा पिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस से संबंधित तैयारियों को जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ गौरव कुमार ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास तथा पंचायतीराज विभाग सहित गैर–सरकारी संगठनों से अभियान के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने का आह्वान किया।

## स्वस्थ्य सचिव से की कर्मियों का स्थानांतरण व अटैचमेंट समाप्त करने की मांग

विकासनगर। तहसील चकराता क्षेत्र के अंतर्गत सात खत किसान संगठन ने स्वस्थ्य सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में बताया कि पीएचसी क्वांसी व बरोथा एसएडी के चार कर्मचारियों का स्थानांतरण व अटैचमेंट शहरी क्षेत्र में कर दिया गया है। जिससे इन अस्पतालों से जुड़े गांवों के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलने के कारण लोगों को देहरादून व विकासनगर के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। संगठन ने स्वास्थ्य सचिव से शहरी क्षेत्र में अटैच किये गये कर्मचारियों को तत्काल वापस उनके नियुक्ति स्थल पर भेजने की मांग की है। स्वास्थ्य सचिव को भेजे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि बरोथा एसएडी में तैनात आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट को भंडारी बाग व वार्ड ब्वॉय को उपजिला चिकित्सालय विकासनगर में अटैचमेंट किया गया, जबकि पीएचसी क्वांसी में तैनात फार्मासिस्ट का स्थानांतरण देहरादून व वार्ड ब्वॉय का अटैचमेंट डाकपत्थर किया गया है। बताया कि एक वर्ष पूर्व क्षेत्र के शिक्षित लोगों के सहयोग से क्वांसी अस्पताल में ब्लड टेस्ट मशीन व ईसीजी मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई गयी। लेकिन अब कर्मचारियों का स्थानांतरण व अटैचमेंट करने से इन सुविधाओं का लाभ स्थानीय लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

## जयंती पर बाबा साहब को किया याद

ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब को याद किया। वक्ताओं ने लोगों से बाबा साहेब के विचारों का अनुशरण करने को प्रेरित किया।

शुक्रवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के बैनर तले बस अड्डा परिसर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि बाबा साहेब ने दलितों को उनका अधिकार देने का कार्य किया है। जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों के सामाजिक उत्थान को लेकर कार्य कर रही है। इस दौरान सभी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर मेयर अनिता ममगाईं, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम किशन प्रधान, राकेश पारछा, भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र तडियाल, दीपक धमीजा, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कविता शाह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, संदीप गुप्ता, सुरेंद्र मोगा, पंकज शर्मा, राजकुमार राज, नंदकिशोर जाटव, सुभाष जाटव, अनुचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधे जाटव, पवन शर्मा, बृजेश वर्मा, विनय कंडवाल, चंद्रभान पाल, माधवी गुप्ता, भावना पांडे, जोरावर सिंह आदि उपस्थित रहे। उधर, उत्तराखंड दलित शोषित मंच ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आंबेडकर चौक पर लगी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मौके पर जतिन जाटव, प्रवीण जाटव, रामजी, हराचंद्र, सज्जन राम, कुनकुन साहनी, इंदू देवी, चनरी देवी, भीम सैनी, अतुल साहनी, त्रिलोकी नाथ तिवारी, विनोद कुलियाल, विनोद रतूड़ी, अनिल, मनीष जाटव, राकेश सिंह, आशुतोष शर्मा, हरिराम वर्मा, जुगल किशोर, रविंद्र पाल, मुकेश जाटव, विकास आदि उपस्थित रहे। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। मौके पर प्रो. वाईके शर्मा, डॉ. गौरव वार्ष्णेय, डॉ. धीरेन्द्र सिंह, प्रो. दिनेश शर्मा, प्रो. हेमलता मिश्रा, प्रो. नीता जोशी, डॉ. सीमा बेनिवाल, प्रशासनिक अधिकारी शकुन्तला शर्मा, जोतसिंह भण्डारी, विवेक राजभर, सुरेन्द्र नौड़ियाल आदि रहे।

## हाफिज–ए–कुरान अल्लाह के सबसे करीब : मुफ्ती वासिल

देहरादून। आजाद कॉलोनी स्थित सना मस्जिद में तरावीह में कुरान–ए–करीम मुकम्मल हो गया। यहां मुफ्ती वासिल ने तरावीह में कुरआन सुनाया और कारी शावेज ने कुरआन सुना। इस दौरान मुल्क में अमनो–अमान और कौम की खुशहाली की दुआ कराई गई।

मुफ्ती वासिल ने दुआ से पहले अपने खिताब में कुरआन–ए–करीम ओर रमजान की फजीलत पर रोशनी डाली। कहा कि रमजान में कुरआन की तिलावत करने जकात अदा करने ओर पूरे रमजान तरावीह की नमाज अदा करने की हिदायत की। हाफिजों, उलमा का एहतराम करने की अपील की। कहा कि हाफिज अल्लाह के सबसे करीब है।

## मैनफेस्ट की डीजे नाइट में देर रात तक थिरकते रहे छात्र

विकासनगर। दून बिजनेस स्कूल में आयोजित मैनफेस्ट–2023 के दूसरे दिन शुक्रवार को वॉर ऑफ बैंड्स मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न शिक्षण संस्थानों की म्यूजिक बैंड्स टीम ने अपनी गायन शैली का जलवा बिखेरा। इसके साथ ही देर शाम तक कई शैक्षणिक प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुईं।

दूसरे दिन सुबह डेविल एडवोकेट, इन्वेस्टट्रिक्स, बिज़नेस प्लान, ऐड मेड, ब्रांड ऐड, डम्ब सारद, केस स्टडी, ग्रेफिटी, फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र–छात्राओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही नृत्य, गायन प्रतियोगिता में भी जलवा दिखाया। बावजूद इसके प्रत्येक छात्र–छात्रा को शाम होने का बड़ी बेसब्री से इंतजार था। शाम ढलते ही डीजे नाइट में छात्र–छात्राओं ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शनकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। पाश्चात्य धुनों के साथ ही बॉलीवुड फ्यूजन पर भी युवा देर रात तक नाचते रहे। देश भर के कई विख्यात म्यूजिक बैंड्स ने भी अपनी प्रस्तुति से छात्र–छात्राओं को देर रात तक थिरकने पर मजबूर किया। समारोह की मुख्य अतिथि एसके एजुकेशनल ट्रस्ट की सचिव सत्या देवी ने छात्र–छात्राओं के बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में अपना लक्ष्य तय करके आगे बढ़ने की सलाह दी। संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि छात्र अपने काम की तरफ अगर एकाग्र होकर बढ़ें तो जीवन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं। समाज के उत्थान में भागीदारी से न सिर्फ समाज पर बल्कि खुद के व्यक्तित्व पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। छात्र अपने कार्य और स्वभाव से समाज में उंचा मुकाम हासिल करने की क्षमता रखते हैं। इस दौरान ट्रस्टी डॉ अंजुम अग्रवाल, संस्थापक मोहित अग्रवाल, डीन डॉ. निखिल, प्राचार्य आईजी गुलाटी, एसोसिएट डीन नवज्योति सिंह नेगी, मनीषा वर्मा, नवीन भरद्वाज आदि मौजूद रहे।

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया मुंबई में पंजाबी कल्चरल हेरिटेज बोर्ड द्वारा आयोजित पंजाबी आइकॉन अवॉर्ड 2023 में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरूवार सांय महाराष्ट्र, मुंबई में ह्यह्यपंजाबी कल्चरल हेरिटेज बोर्डह्लह्ल द्वारा आयोजित ह्लह्लपंजाबी आइकॉन अवॉर्डह्द2023ह्ल में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय योगदान देने वाले लोगों को ह्लह्लपंजाबी आइकॉन अवॉर्ड 2023ह्लह्ल से सम्मानित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें भी आज सम्मान देने का अवसर मिला है। उन्होंने पंजाबी आइकॉन अवॉर्ड प्राप्त करने वाले सभी लोगों को बधाई दी और कहा कि सभी ने अपने–अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हैं जिन्हें आज सराहा गया है।







राज्यपाल ने कहा की सिख समुदाय आज पूरे विश्व के हर कोने में अपनी मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ काम करते हुए एक नया मुकाम हासिल कर रहे हैं।पंजाबी आइकॉन अवॉर्ड हमारी ह्यह्यसरबत दा भलाह्लह्ल के विचार और सम्मान का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि देश सेवा के दौरान स्वयं मैंने गुरु गोविन्द सिंह जी के दिए गए उपदेश ह्लनिश्चय कर अपनी जीत करूंह्ल को जीवन का मंत्र बनाया है। उन्होंने कहा कि सेना में रहते हुए और अब राज्यपाल के रूप में उन्होंने स्वयं को राष्ट्र, समाज और जनहित के लिए समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव जी के व्यक्तित्व की चार मुख्य विशेषताएं जिनमें, दया, करूणा, सादगी और मासूमियत हैं, जिन्हें प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में उतारने की जरुरत है।

## कांग्रेस ने भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**कोटद्वार** : देश के संविधान निर्माता स्व. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। हिंदू पंचायती धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर ने छुआछूत व भेदभाव जैसी कुरीतियों को दूर करने के साथ ही शिक्षा पर भी जोर दिया था, जिससे कि समाज के अंतिम पंक्ति का व्यक्ति अग्रिम पंक्ति तक पहुंचे। महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि डा. आंबेडकर के जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी सभी के लिए प्रेरणा है। उनके विचार गरीबों को अपने अधिकारों की आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। आज हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. चंद्रमोहन खर्कवाल, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, शकुंतला चौहान, अंकुश घिल्डियाल, सुनील दत्त सेमवाल, गुड्डू चौहान, विजय माहेश्वरी, अमितराज सिंह, बलबीर सिंह रावत, आशुतोष वर्मा और रजनीश उप्पल आदि थे।

# नौगांव में बंद मकान के टूटे ताले, सामान हुआ साफ



एकेश्वर प्रखंड के अंतर्गत नौगांव में चोरों द्वारा घर के भीतर फैलाया गया सामान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : एकेश्वर प्रखंड के अंतर्गत ग्राम नौगांव में बदमाशों ने एक बंद मकान का ताला तोड़ वहां रखे सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार की ओर से राजस्व पुलिस को तहरीर दी गई है। वहीं, कुछ दिन पूर्व चौबट्टाखाल के मटगल (बगड़ीगाड़) व बीरोंखाल प्रखंड के चोरखिंडा में भी चोरी की घटनाएं सामने आई थी।

शांत पहाड़ में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। एक ओर जहां कुछ दिन पूर्व चोरों ने गांव में भी एक दर्जन से अधिक घरों के ताले तोड़ वहां रखे सामान व नगदी पर हाथ साफ किया था। वहीं, अब बदमाशों ने एकेश्वर प्रखंड के अंतर्गत नौगांव में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। ग्रामीण जगदंबा प्रसाद ने बताया कि उनकी मां गांव में रहती थी। लेकिन, इन दिनों वह उनके पास कोटद्वार आई हुई थी। बताया कि कुछ दिन पूर्व जब वह अपने गांव गए तो उन्होंने देखा कि दरवाजे पर लगे ताले टूटे हुए हैं। साथ ही कमरे में रखा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है। कमरे में रखी पीतल की परात, पीतल की पतीली, थाली, कांसे का भड्डू, तांबे का तौल और कटोरी सहित अन्य सामान गायब था। बताया कि घटना की सूचना उन्होंने राजस्व पुलिस को दी। लेकिन, अब तक राजस्व पुलिस चोरों का पता नहीं लगा पाई है।

## जयंती पर बाबा डा. भीमराव अंबेडकर को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारतीय दलित साहित्य अकादमी जनपद कोटद्वार की ओर से भाबर क्षेत्र के खूनीबड़ में सभा का आयोजन किया गया जिसमें संविधान निर्माता स्व. डॉ. आंबेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेन्द्र लाल आर्य ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने भारत का संविधान बनाया व विश्व को एक दिशा दी, जिसका परिणाम था कि उन्हें भारत रत्न से नवाजा गया। वे नायक पूजा के खिलाफ थे। उनका मानना था कि नायक पूजा से शासन निरंकुश हो जाता है व विकास प्रभावित हो जाता है। अकादमी जिला संरक्षक सुनीता देवी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में मनोज सिंह, शशिकांत, अमन घाघट, आशीष कुमार, सावित्री देवी, प्रमोद कुमार, लेख राज और ऋषिपाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शुरू हुआ अग्निशमन सेवा सप्ताह, आमजन को किया जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अग्नि शमन विभाग के तत्वावधान में अग्निशमन सेवा सप्ताह शुरू हो गया है। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, विभाग ने नगर में रैली निकालकर आमनज को अग्निसुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कहा कि आग लगने की घटनाओं की रोकथाम के लिए जन का जागरूक होना आवश्यक है।

बीईएल रोड स्थित दमकल विभाग परिसर से रैली का शुभारंभ किया गया। रैली को अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रणधीर सिंह ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगती है, आमजन को आग से होने वाली घटनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष अग्निशमन विभाग की ओर से सेवा सप्ताह मनाया जाता है, इसके तहत क्षेत्रों में आग से बचाव के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाता है। साथ ही स्कूलों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता संबंधी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रथम दिन बीईएल रोड कौड़िया रोड, नजीबाबाद रोड, झंडाचौक सहित अन्य स्थानों पर जागरूकता रैली निकाली गई।



कोटद्वार के दमकल विभाग से निकाली जा रही रैली को हरी झंडी दिखाते एएसपी

# अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि, राह पर चलने का लिया संकल्प



जयंती पर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान सदस्यों ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए जन–जन तक उनके संदेशों को पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता धीरजधर बच्छवाण ने की मुख्य अतिथि महापौर हेमलता नेगी रही। जबकि, विशिष्ट अतिथि शिल्पकार प्रदेश अध्यक्ष मदन कुमार, करूणा समाज सेवा संस्था के फादर जेक्स, सुरेंद्र लाल आर्य थे। सभी लोगों ने बाबा साहे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धंजलि दी। संस्था के अध्यक्ष विकास आर्य ने कहा कि बाबा साहब की विद्वता का लाभ पूरे राष्ट्र को मिला है। युवाओं को बाबा साहेब के जीवन पर लिखी पुस्तकों का अध्ययन कर उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर मीना बछवाण, सुरेंद्र लाल आर्य, सतीश चंद्र, विजेंद्र आर्य, मनवर सिंह आर्य, प्रमोद चौधरी, विजेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

कोटद्वार : डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न संगठनों की ओर से नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सदस्यों ने समाज हित में बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

शुक्रवार शाम कौडिया से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में डा. भीमराम अंबेडकर के जीवन की झांकी बनाई गई थी। सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष अंबेडकर जयंती पर शहर में शोभा यात्रा निकाली जाती है। कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर को बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। वह एक व्यक्ति नहीं बल्कि दूरदृष्टि रखने वाले महान पत्रकार, साहित्यकार, दार्शनिक एवं हर विषय के ज्ञाता थे। शोभा यात्रा के दौरान आमजन से डा. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने की भी अपील की गई। इस मौके पर सुरेंद्र लाल आर्य, विकास आर्य, सुनीता देवी, बबीता देवी, अमन घांघट, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# बीईएल एसएसएससी एसोशिएसन ने किया बाबा साहेब को याद

**कोटद्वार** : भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड एसएसएससी एसोशिएसन की की ओर से बाबा साहेब की 132वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान बच्चों की रंगारंग प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सदस्यों ने समाज सेवा के लिए बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि धीरज बंसल, सोहन लाल ने एसोसिएशन के सदस्यों से बाबा साहेब के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने की अपील की। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर प्रदीप बड़ोला, दिनेश भट्ट, आरआर वर्मन, विशु प्रभाकर, महेश सिंह, महेंद्र सिंह, बलराम सिंह, श्याम कुमार, क्षेत्रपाल आदि मौजूद रहे।



बीईएल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सदस्य

## परीक्षा परिणाम जारी न होने से छात्र परेशान

**पौड़ी** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर के एक छात्र का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने से उसे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्र का कहना है कि परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने से वह प्रतियोगी परीक्षाओं के फार्म भी नहीं भर पा रहा है और उसका भविष्य अंधकार में है। छात्र ने बताया कि वह पौड़ी परिसर से लेकर श्रीनगर परिसर तक की दौड़ा लगा चुका है, लेकिन उसकी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। पौड़ी परिसर के छात्र अजय मोहन ने बताया कि उसने साल 2021 में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर में भौतिक विज्ञान में सैशनल में बैक परीक्षा दी थी। बताया कि यह बैक परीक्षा सैशनल की असाइमैंट द्वारा ली गई थी। यह परीक्षा समय पर दे दी गई थी लेकिन अभी तक परीक्ष परिणाम जारी नहीं हो पाया है। उसका कहना है कि विभाग को सूचित करने के बाद भी पौड़ी परिसर व श्रीनगर विश्वविद्यालय द्वारा कोई हल नहीं निकाला जा रहा है। जिससे वह प्रतियोगी परीक्षाओं के फार्म भी नहीं भर पा रहे है। उन्होंने जल्द ही उनका रिजल्ट जारी करने की मांग की है।

# कामरेड भूपेंद्र सिंह नेगी को किया याद

### पार्षदों व सामाजिक संस्थाओं ने कामरेड को दी श्रद्धांजलि



कोटद्वार के भाबर क्षेत्र में कामरेड भूपेंद्र नेगी को श्रद्धांजलि देते पार्षद व अन्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र में कामरेड भूपेंद्र नेगी की 26वीं पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदस्यों ने भूपेंद्र सिंह नेगी के बताए मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया।

भाबर क्षेत्र में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्षदों के साथ ही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े व्यक्तियों ने कामरेड के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि कामरेड भूपेंद्र नेगी ने सदैव जन हितों को लेकर कार्य किया। वह पत्रकारिता व रंगमंचों से भी जुड़े हुए थे। कहा कि युवाओं को कामरेड भूपेंद्र नेगी के बताए मार्ग पर चलकर समाज सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। एक बेहतर सोच ही बेहतर समाज का निर्माण कर सकती है। इस मौके पर पार्षद एवं भूपेंद्र नेगी के पोत्र अमित नेगी, अरूण नेगी, विपिन डोबरियाल, अनिल रावत, जीतेंद्र, श्वेता नेगी, देवेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# अंबेडकर जयंती पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार गढ़वाल में" सामाजिक परिवर्तन के संदर्भ में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचार"शीर्षक पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

राजनीति विज्ञान विभाग एवं इतिहास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से "सामाजिक परिवर्तन के संदर्भ में डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार" विषय पर गोष्ठी का आयोजन प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार के दिशा निर्देशन में किया गया किया गया। गोष्ठी का संचालन करते हुए आयोजन सचिव राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी ऐसे बुद्धिजीवी थे, जिन्होंने अपना जीवन समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। एम.ए. चतुर्थ सेम. अंग्रेजी की छात्रा ज्योति रावत ने बताया कि अंबेडक के द्वारा ही हम सभी को अधिकारों की प्राप्ति हुई है। राजनीति विज्ञान की प्राध्यापिका डॉ. पूनम गैरोला ने अम्बेडकर की सामाजिक न्याय की अवधारणा के बारे में अपने विचार रखे। इसी क्रम में भौतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. मुकेश रावत ने बताया कि वर्तमान पीढ़ी अम्बेडकर के विचारों से प्रेरित होकर जातिवादी मानसिकता को पीछे छोड़ आगे बढ़ रही है। समाज शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ. कविता रानी ने कहा कि अम्बेडकर की ही की देन है जिसके कारण भारत में नागरिकों के अधिकार सुरक्षित हैं। हिंदी विभाग से डॉ. कपिल देव थपलियाल ने बताया कि कैसे अम्बेडकर ने अपनी विद्वता के आधार पर समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई। राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. संत कुमार ने कहा कि पूरे विश्व में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जैसा कोई विद्वान नहीं है। अर्थशास्त्र के प्राध्यापक प्रो. पीएन यादव ने बताया कि वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। चित्रकला के प्राध्यापक डॉ. विनोद सिंह ने कहा कि समाज सुधार हमेशा डॉ. अम्बेडकर की प्रथम वरीयता रही। उनका विश्वास था कि आर्थिक और राजनीतिक मामले समाजिक न्याय के लक्ष्य की प्राप्ति के बाद निपटाये जाने चाहिए। इतिहास विभाग से डा. जुनिश कुमार ने कहा कि अम्बेडकर का जाति प्रथा का विरोधी होने का मुख्य कारण उनके स्वयं का भुक्त भोगी होना था वह जाति प्रथा को वर्ण व्यवस्था का आधुनिक और घृणित रूप मानते थे। डॉ. धनेन्द्र पंवार ने कहा कि अम्बेडकर के विचार वर्तमान समय में भी प्रासंगिक हैं। अंग्रेजी विषय के डॉ. सोमेश ढौंडियाल ने कहा कि अम्बेडकर का विश्वास था कि शिक्षा अस्पृश्यों के सुधार में महत्वपूर्ण योगदान देगी। गोष्ठी के अंत में प्रभारी प्राचार्य डॉ अभिषेक गोयल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंबेडकर के समय में भारतीय समाज में जहां एक और सामाजिक बुराइयां प्रचलित थी उसके बावजूद भी अंबेडकर जी ने अपनी शिक्षा के आधार पर संघर्ष कर समाज के उच्च स्तर पर पहुंचकर यह दिखा दिया कि शिक्षा के आधार पर आप एक ऊंचे स्थान को प्राप्त कर सकते हैं, इसीलिए छात्र छात्राओं को अपने जीवन में शिक्षा को महत्व देते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सुरेखा घिल्डियाल, डॉ.अमित गॉड डॉ. सुमन कुकरेती सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में आयोजित गोष्ठी में भाग लेते शिक्षक व अन्य



## पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से

कोटद्वार : उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से शुरू किया जाएगा। मूल्यांकन के लिए राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार को केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल तक चलेगी। केंद्र के उप नियंत्रक मुकेश रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक सुबह दस बजे से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू करेंगें। सर्वप्रथम बोर्ड द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर सीतांशु खुगशाल व अनूप नेगी सभी शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण देंगे। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर के अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत, पर्यवेक्षक रवींद्र सिंह रावत व सह उप नियंत्रक दीपक नौटियाल भी उपस्थित रहेंगे।

# गोल्डन बेबी फुटबॉल लीग का हुआ आगाज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहीद मुकेश बिष्ट खेल अकादमी एवं कोटद्वार फुटबॉल संघ के तत्वावधान में गोल्डन बेबी फुटबॉल लीग का आयोजन बाल भारती स्पोर्ट्स कंपलेक्स में करवाया गया। जिसमें पांचवी कक्षा तक के प्राइमरी स्कूल स्तर के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन श्री गिरिराज सिंह रावत ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि मुकेश नेगी एवं विशिष्ट अतिथि संदीप नेगी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर लीग का शुभांरभ किया। प्रतियोगिता में शहर की 12 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक टीम को दो लीग मुकाबले खेलने को मिले।

चिल्ड्रेन होम कण्वघाटी, क्रैडल प्ले निंबूचौड, बाल शिक्षा निकेतन काशीरामपुर व हैप्पी चिल्ड्रेन अकेडमी गाडीघाट ने अगले दौर में प्रवेश किया। इस दौरान एनआईएस कोच महेंद्र रावत, आयोजक सचिव सतीश मौर्य, खेल प्रशिक्षक मोहम्मद हसीनउद्दीन आदि मौजूद रहे।



गोल्डन बेबी फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने याद किया बाबा साहेब का योगदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा ने भी संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

ज्वालापुर के पूर्व विधायक सुरेश राठोर ने कहा कि भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत व भेदभाव जैसी कुरीतियों को दूर करने के साथ ही शिक्षा पर जोर दिया। हमारा उद्देश्य अपने समाज को शिक्षित करना होना चाहिए। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, अनिता आर्य, अनिल रावत, पंकज भाटिया, मनमोहन, हंसलता, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# नेशनल बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता हेतु 200 पहलवानों के कराया रजिस्ट्रेशन



हल्द्वानी। उत्तराखंड बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन की ओर प्रस्तावित दो दिनी नेशनल चैंपियनशिप शुरू हो गई है। शुक्रवार को पहले दिन अलग–अलग राज्यों के करीब 200 पहलवानों ने रजिस्ट्रेशन कराया। फेडरेशन कप नाम की इस नेशनल बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सीनियर मेंस एंड वुमेंस बॉडी बिल्डिंग और फिजिक इवेंट आयोजित किया जाएगा। जिसमें दमखम दिखाने के लिए देशभर के करीब 600 बॉडी बिल्डर्स ने इच्छा जताई थी। हल्द्वानी के एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित चैंपियनशिप में शुक्रवार को महाराष्ट्र के 16, दिल्ली के 15, हिमाचल, कर्नाटक के 2–2, चंडीगढ़ के 11, असम के 6, तेलंगाना के 3, तमिलनाडु, झारखंड, हरियाणा के 9–9, मणिपुर के 5, अरुणाचल प्रदेश का 1, मध्यप्रदेश, सिक्किम के 5–5, गुजरात के 4, बिहार के 2, राजस्थान के 13, पंजाब के 12, गोवा के 16 समेत कई अन्य राज्यों के पहलवानों ने भी रजिस्ट्रेशन कराया। शनिवार को सभी प्रतिभागी खिताब जीतने के लिए जोर लगाएंगे। इस मौके पर अध्यक्ष रमेश शर्मा, महासचिव मुकेश पाल, सुरेश भंडारी मौजूद रहे।

## धुमाकोट से लापता युवक मुम्बई से बरामद

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल की धुमाकोट पुलिस ने क्षेत्र से लापता युवक को अंधेरी बेस्ट मुम्बई महाराष्ट्र से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

पौड़ी पुलिस की मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार शोभित जोशी पुत्र स्व. गणेश प्रसाद निवासी ग्राम सिंमडी, पोस्ट कंठूली, बीरोंखाल ब्लॉक ने थाना धुमाकोट में सूचना दी कि उनका छोटा भाई अरविन्द जोशी बिना बताए घर से कहीं चला गया है। सूचना पर थाना धुमाकोट में गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की गई। अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चन्द्र सुयाल, पुलिस उपाधीक्षक गणेश लाल कोहली के प्रर्यवेक्षण, थानाध्यक्ष धुमाकोट दीपक तिवाड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा ठोस सुरागरसी और पतारसी एवं सर्विलांस का बेहतरीन प्रयोग करते हुए 11 अप्रैल 2023 को अंधेरी वेस्ट मुम्बई, महाराष्ट्र से सकुशल बरामद किया गया। थानाध्यक्ष धुमाकोट दीपक तिवाड़ी ने बताया कि अरविन्द जोशी को सकुशल परिजनों के सुर्पद कर दिया है।

# बैसाखी पर रामपादुका में सैकड़ों लोगों ने किया गंगा स्नान



चौखुटिया। बैसाखी पर्व पर मासी के रामपादुका के निकट स्थित राम मंदिर परिसर में विभिन्न अनुष्ठानों, गंगा स्नान के लिए श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने रामगंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर राम के चरणों में जलाभिषेक किया। इस मौके पर जनेऊ मुंडन व चूड़ाकर्म संस्कार समेत सामूहिक पूजा पाठ संपन्न कराये गये। यहां मंदिर समिति के अध्यक्ष भगवत सिंह बिष्ट, कैलाश तिवारी, चंद्र प्रकाश फुलोरिया,राजेश फुलोरिया, नाथूराम पांडे, हरीश पांडे आदि रहे।

# हल्द्वानी में आईएसबीटी का जल्द निर्माण करें सरकार

हल्द्वानी। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल और कुमाऊं ट्रांसपोर्ट यूनियन संयुक्त मोर्चा ने शुक्रवार को बैठक आयोजित की। उन्होंने प्रदेश सरकार से हल्द्वानी में आईएसबीटी के लिए भूमि का चयन कर निर्माण करने और टीपी नगर चौकी को थाना बनाने की मांग की। शहर समेत रामपुर रोड को जाम से निजात दिलाने की मांग भी उठाई। व्यापार मंडल के कुमाऊं मंडल प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा ने बताया कि सरकार ने कई वर्षों से आईएसबीटी का कार्य अटका रखा है, जो कि चिंता का विषय है। हल्द्वानी में यातायात व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। मुख्य बाजार से लेकर नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड, बरेली रोड में जाम की स्थिति रहती है। सात वर्ष पूर्व आईएसबीटी के लिए भूमि का चयन कर शिलान्यास भी हो गया था। इसके बाद सरकार ने इसे रद्द कर काम अटका दिया। हल्द्वानी उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल का मुख्य महानगर है। पूरी अर्थव्यवस्था इसी शहर से जुड़ी हैं। कुमाऊं मंडल में चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार का केंद्र हल्द्वानी ही है।

## वन विभाग ने आठ करोड़ का लीसा नीलामी किया

हल्द्वानी। कुमाऊं के अलग–अलग डिपो में रखे दस हजार 710 क्विंटल लीसे की आठ करोड़ में नीलामी की गई। नैनीताल वन प्रभाग के डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि हिमालयन बॉटनीकल गार्डन में लीसा निलामी प्रक्रिया में वन विभाग को आठ करोड़ 55 लाख 45 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। डीएफओ जोशी ने बताया कि वर्ष 2021 का 4 हजार 590 क्विंटल से दो करोड़ 37 लाख 36 हजार 500 रुपये राजस्व, वर्ष 2022 का 6 हजार 120 क्विंटल से 4 करोड़ 21 लाख 36 हजार 200 रुपये राजस्व प्राप्त किया। नीलामी प्रक्रिया में उत्तराखंड के अलावा हिमाचल प्रदेश के व्यापारियों ने हिस्सा लिया। इसमें अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, टनकपुर व चम्पावत डिवीजन का लीसा शामिल है। नीलामी प्रक्रिया में वनक्षेत्राधि कारी सुल्तानपुर योगेश तिवारी, वनक्षेत्राधिकारी टनकपुर सुरेश मंडोला, वनक्षेत्राधिकारी हनुमानगढ़ी भानू प्रकाश हबौला, वनक्षेत्राधिकारी सोमेश्वर मनोज लोहनी, ममता बिष्ट, महेंद्र सिंह रावत, दीप पांडे आदि शामिल रहे।

## मीनू ने 98.99 प्रतिशत अंकों के साथ यूजीसी नेट पास

बागेश्वर। बागेश्वर की बेटी चौरासी निवासी मीनू जोशी ने यूजीसी नेट 98.99 प्रतिशत अंकों के साथ पास किया है। बचपन से मेधावी मीनू इस वक्त डीएसबी कैंपस नैनीताल से पीएचडी कर रहीं हैं। उसके पिता पूरन जोशी पूर्व सैनिक तथा माता विमला जोशी गृहिणी हैं।

मीनू ने हाईस्कूल 2012, इंटर 2014 पास केंद्रीय विद्यालय कोलकाता से पास की। बीकॉम 2017, बीएड 2020, एमकॉम 2021 में बागेश्वर डिग्री कॉलेज से पास किया। मीनू ने बताया की उनकी मम्मी पापा भाई बहन के अलावा अध्यापक डॉ. अतुल जोशी, डॉ. जीवन चंद्र उपाध्याय, डॉ. मनोज पांडेय के आशीर्वाद से यह मुकाम पाया है।

# रानीखेत में चेतना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती




अल्मोड़ा। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती रानीखेत नगर में चेतना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर अंबेडकर जयंती समारोह समिति की ओर से नगर में भव्य चेतना जुलूस और बाबा साहब की झांकी निकाली गई। अपराह्न अंबेडकर पार्क में आम बैठक हुई। कांग्रेस और भाजपा ने भी कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि राजकीय चिकित्सालय रानीखेत के सर्जन डॉ. अशोक टम्टा ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष कैलाश पांडे रहे। संचालन दिनेश टम्टा और बिंदु कोहली ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष आरसी आर्या सहित इंद्र लाल, एनपी आर्या, नवीन कोहली, रमेश राम, अनिल कुमार, अशोक कुमार, बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सुनील कुमार ने जीती पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता

बागेश्वर। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जालेख से केदारेश्वर मैदान तक राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता का समापन हो गया है।

सुनील कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने भी नौ मिनट तक पैराग्लाइडिंग की। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि कपकोट में साहसिक खेल की अपार संभावना है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास किया जाएगा। केदारेश्वर मैदान में तीसरे दिन 31 ग्लाइडरों ने उड़ान भरी। इसके बाद प्रथम स्थान पर सुनील कुमार, पंकज मेहता द्वितीय तथा मनीष उप्रेती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्हें क्रमश 50, 30 तथा 20 हजार रुपये की धनराशि दी गई। मुख्य अतिथि गड़िया ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से यहां पर्यटकों की आमद बढ़ेगी। प्रतियोगिता के सफलता से संचालन हेतु प्रशासन व पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन की सराहना की। जिलाधिकारी पाल ने कहा कि सभी पैराग्लाइडर द्वारा कपकोट को पैराग्लाइडिंग के लिए बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि जिले में पहली बार राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो सफल रहा। जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्या ने सभी के सहयोग के प्रति आभार जताया। भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि दयाल सिंह ऐठानी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी जोशी, उप जिलाधिकारी मोनिका, राघवेंद्र पाठक, विष्णु शर्मा, अखीलेश यादेव, धीरेंद्र ठाकुर, एसराज, अखिलेश यादव, राज कुमार, जगदीश जोशी, दीपक पंत, पायलट राजेन्द्र पुनेठा, रामविलास वर्मा, सुनील चौहान, दिनेश कोरंगा, साजिद पी, मनीष मखोलिया, आशिष ठाकुर, शिंदे राम, मदन पोखरिया, दीपक नौगाई, मनीष, प्रवीण कोरंगा, शिवजीत, दिव्या, भुवन चंद्र, दिनेश कोरंगा, संजय राज, मणीकांत एम, पवन नेगी, राजेंद्र पुनेठा, पूरन सिंह, अमृत, मयंक, दीपक आर्या, करन सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राजीव जोशी ने किया।

## श्रद्धा से मनाया गया बैसाखी पर्व

अल्मोड़ा। बैसाखी का पर्व शुक्रवार को परंपरागत ढंग से श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर जहां लोगों ने मंदिरों में पूजा–पाठ कर सुख–समृद्धि व निरोगी काया की कामना की। वहीं नगर के लिंक रोड स्थित गुरुद्वारा में शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। बैसाखी पर्व पर सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना को श्रद्धालुओं को तांता लगा रहा, जो देर शाम तक जारी रहा। नगर रत्नेश्वर महादेव मंदिर, बद्रेश्वर, बालेश्वर, एनटीडी शिवालयों में लोगों ने पूजा अर्चना की।

# महिला प्रसाधन की व्यवस्था नहीं होने पर दस हजार का जुर्माना



बागेश्वर। जिले के कई पेट्रोल पंप संचालक मनमानी पर उतर आए हैं। इसकी शिकायत लोगों ने जिलाधिकारी से की है। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद पूर्ति विभाग दो दिन से लगातार छापेमारी कर रहा है।

दोनों ही दिन लोगों की शिकायत की पुष्टि हुई है। पूर्ति अधिकारी ने एक पंप संचालन पर दस हजार का जुर्माना ठोका है। जुर्माना पंप में महिला प्रसाधन की व्यवस्था नहीं होने और हवा भरने वाली मशीन में ताला लगा मिलने पर हुई है। उन्होंने पंप स्वामियों को निर्देश दिए कि पर्यटक सीजन को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में डीजल एवं पेट्रोल का भंडारण सुनिश्चित करते हुए उसकी सूचना प्रतिदिन जिला पूर्ति कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे, ताकी बाहर से आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान पूर्ति निरीक्षक रवींद्र कुमार बिष्ट, परविंद नेगी, प्रकाश कांडपाल आदि मौजूद थे ।

# बैसाखी पर संगत हुई निहाल, गुरुद्वारा में सजा कीर्तन दरबार



हल्द्वानी। बैसाखी पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा हल्द्वानी में धार्मिक दीवान सजा।

हजूरी रागी परमजीत सिंह ने जहां कीर्तन किया वहीं जसपाल सिंह, दलजीत सिंह व नौजवानों ने रसभिना कीर्तन से संगत को निहाल कर दिया। इस दौरान अंबाला से पहुंचे दीपेंद्र सिंह ने बैसाखी व खालसा प्रगटोत्सव पर अपने विचार रखे उन्होंने बताया कि खालसा बनाने की नींव तो गुरु नानक साहिब ने रखी थी। 1699 की बैसाखी पर गुरु गोबिंद सिंह ने इस पर अंतिम मोहर लगाई। गंगानगर से आए गगनदीप सिंह ने इन्हीं की कृपा के सजे हम हैं..., खालसा मेरो रूप है खास..., अमृत पियो सदा चिर जीवो... आदि शबद कीर्तन से माहौल भक्तिमय कर दिया। अंत में गुरु घर के वजीर अमरीक सिंह ने अरदास व हुकमनामा लेकर कार्यक्रम की संपूर्णता की। मुख्य सेवादार सरदार रंजीत सिंह ने सभी संगत को बैसाखी की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र कौर ने किया। इसके बाद संगत ने गुरु का लंगर छका व गुरु साहिब का धन्यवाद करा। इस मौके पर रविंदरपाल सिंह, तजिंदर सिंह, जगजीत सिंह, सतपाल सिंह, अमनपाल सिंह, बलविंदर सिंह, जगमोहन सिंह, सुरेंद्रपाल सिंह, सतवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

## बयानबाजी के बजाय कार्रवाई करें सीएम : महेश शर्मा

हल्द्वानी। कांग्रेस प्रदेश महासचिव महेश शर्मा का कहना है कि सरकार को यदि वनभूमि या अन्य सरकारी भूमि में धर्म के नाम पर अतिक्रमण दिखाई देता है तो उसे तुरंत हटाया जाना चाहिए। मीडिया को जारी बयान में शर्मा ने कहा कि सीएम को बयानबाजी करने के बजाय कार्यवाई करनी चाहिए। सरकार ऐसी बातें बार–बार करके जनता का ध्यान उद्योगपति अडानी मामले से हटाना चाह रही है।

इतना ही नहीं सरकार अंकिता हत्याकांड मामले में शामिल वीआईपी और पेपर लीक के असली आरोपियों के नामों पर भी लगातार पर्दा डालती आ रही है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार को प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, बिजली कटौती और बार–बार बिजली दाम बढ़ाने को लेकर भी जवाब देना चाहिए।

# देशी शराब के 589 पव्वों के साथ तीन दबोचे



हल्द्वानी। पुलिस ने तीन अलग–अलग मामलों में 589 पव्वे देशी शराब बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि बुधवार शाम टैंपो स्टैंड के पास एक ऑटो से 10 पेटी (480 पव्वे) देशी शराब बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम शामिल अहमद निवासी बागजाला गौलापार बताया।

वह शराब को खनन मजदूरों को बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने ऑटो को सीज कर दिया। दूसरे मामले में हीरानगर चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने जीतपुर मार्ग से आरोपी मनोज आर्या निवासी मल्ला बन्ना से 53 पव्वे देशी शराब बरामद की।तीसरे मामले में काठगोदाम पुलिस ने दमुवाढूंगा क्षेत्र में छापेमारी कर आरोपी अंकित आर्या निवासी गोकुलनगर से 56 पव्वे देशी शराब के पकड़े।

## अराजक तत्वों के आतंक से लोग परेशान

हल्द्वानी। भोटिया पड़ाव में अराजक तत्व लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। शाम से लेकर देर रात तक युवकों के हुड़दंग से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय धर्मानंद पांडे, रविंद्र बोहरा और नवीन जोशी ने बताया कि शाम होते ही अराजक तत्व गाली गलौज शुरू कर देते हैं। विरोध करने पर लोगों के साथ अभद्रता की जाती है। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जा रही है।

# लोकतंत्र बचाने की मुहिम का हिस्सा बनें : सुमित हृदयेश

हल्द्वानी। जय भारत सत्याग्रह चौपाल कार्यक्रम के तहत महानगर कांग्रेस ने वार्ड 17 (हीरानगर) और वार्ड 50 (आदर्श नगर, मुखानी) में चौपाल लगाई। महिला कांग्रेस की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा बिष्ट की अगुवाई में हीरानगर में आयोजित चौपाल में सभी ने एक स्वर में राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने को सरकार की तानाशाही करार दिया। चौपाल में महिलाओं ने रसोई गैस के दाम बढ़ाने, अंकिता भंडारी हत्याकांड सहित, शराब, स्मैक के बढ़ते अवैध कारोबार पर भी नाराजगी जताई। वहीं, वार्ड–50 आदर्श नगर में आयोजित चौपाल में विधायक सुमित हृदयेश ने राहुल गांधी की लोकतंत्र को बचाने की मुहिम का हिस्सा बनने की अपील लोगों से की। इस मौके पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, वरिष्ठ कांग्रेसी एनबी गुणवंत, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत बगड्वाल, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नीमा भट्ट, विमला सांगुड़ी, मधु सांगुड़ी, पार्षद विनोद दानी, संजय जोशी, त्रिलोक बनोली, कौशलेंद्र भट्ट, नेत्र बल्लभ जोशी, विनय भट्ट, हेमा पंत, मुन्नी आर्य, बसंती आर्य, देवकी त्यागी, सुशीला पंत, जया पाठक, राधा चौधरी, सौरभ भट्ट आदि मौजूद रहे।

## निजी स्कूलों में अन्य प्रकाशन की किताबों पर रोक की मांग

अल्मोड़ा। आम आदमी पार्टी के भुवन चंद्र जोशी ने निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों के साथ अन्य प्रकाशन की किताबें लगाये जाने पर नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को स्कूलों की जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए। कहा अन्य प्रकाशन की किताबें लगाये जाने से अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने निजी प्रकाशन की किताबों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने की मांग की।

## अग्निशमन सेवा दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

अल्मोड़ा। फायर स्टेशन अल्मोड़ा में शुक्रवार को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। सेवा दिवस पर दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और साल 2022 में शहीद हुए फायर सर्विस कर्मियों के नाम पढ़े गये। शहीदों के योगदान और सेवा भावना के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान सीओ ऑपरेशन ओशिन जोशी ने अग्नि सुरक्षा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी उमेश चंद्र परगाई ने बताया कि 1944 में मुंबई में जहाज में अचानक आग लग गई थी।

# नैनीताल में कूड़ा उठाने के लिए हर परिवार 60 रुपये देगा



हल्द्वानी। नैनीताल के हर परिवार को अप्रैल से ही से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का 60 रुपये चार्ज देना होगा। नगर पालिका बोर्ड बैठक में पास प्रस्ताव पर गजट नोटिफिकेशन हो चुका है।

इस माह से नई व्यवस्था को लागू कर दिया जाएगा। नगर पालिका की ओर से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करवाया जा रहा है। इसमें पालिका हर माह करीब 10 लाख खर्च कर रही है। मगर लोगों से कूड़ा कलेक्शन चार्ज नहीं लिया जा रहा था। पालिका को वित्तीय संकट से उबारने के लिए पालिका बोर्ड बैठक में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन चार्ज वसूली का प्रस्ताव पास किया गया था। आपत्तियों के प्रकाशन और सुनवाई के बाद बीते माह प्रस्ताव को गजट नोटिफिकेशन के लिए रुड़की भेजा गया था। ईओ आलोक उनियाल ने बताया कि गजट नोटिफिकेशन का प्रकाशन हो चुका है। इस माह से ही व्यवस्था को लागू कर दिया जाएगा। नगर पालिका को हर माह करीब दस लाख की आमदनी होगी।

यह पड़ेगा प्रतिमाह चार्ज

- प्रति परिवार सामान्य– 60
- बीपीएल परिवार– 20
- ढाबा– 100
- रेस्टोरेंट– 330
- पान स्टॉल, टी स्टॉल, ठेले– 60
- 20 कमरे तक के होटल, लॉज, होमस्टे– दो हजार
- 20 से 50 कमरे वाले होटल, लॉज, होमस्टे– पांच हजार
- 50 से 100 कमरे – दस हजार
- धर्मशाला– 200
- 50 कर्मियों तक कार्यालय– 330
- 100 कर्मियों तक– 550
- 300 कर्मियों तक– 1100
- 300 कर्मियों से अधिक– 1350
- दुकान– 110
- ब्रेकरी, फूड ज्वाइंट– 550
- हॉस्टल 10 कमरों तक– 500
- सब्जी की दुकान– 70
- सरकारी स्कूल– 100
- कक्षा एक से आठ तक निजी स्कूल– 600
- कक्षा आठ से इंटरमीडिएट तक– 1200
- कक्षा एक से इंटरमीडिएट 500 छात्रसंख्या तक– दो हजार
- एक से इंटरमीडिएट तक 500 से एक हजार छात्रसंख्या– दस हजार

# धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

### एकल डांस में आराधना, कला में मोहित ने मारी बाजी



जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : शुक्रवार को सतपुली बाजार में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय सतपुली से एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रही।

डॉ. प्रताप सिंह कार्यक्रम के संयोजक के नेतृत्व में सतपुली बाजार में शोभायात्रा के दौरान 12 स्कूलों के छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं समाजसेवी मौजूद रहे। शोभा यात्रा के पश्चात राजकीय महाविद्यालय सतपुली में भीमराव अंबेडकर मंडल सतपुली के द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम, भाषण, कला सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अर्जुन रवि असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय सतपुली ने बच्चों से भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील करते हुए कहा कि अंबेडकर का देश की आजादी से लेकर भारत के संविधान को बनाने में जो योगदान रहा वह सदैव स्मरण रहेगा। कार्यक्रम में एकल डांस में आराधना प्रथम हंस सनराइज चिल्ड्रन एकेडमी सतपुली, द्वितीय स्थान राजकीय प्राथमिक विद्यालय सतपुली की आरुषि तथा तृतीय स्थान हंस सनराइज सतपुली की प्रिया ने प्राप्त किया। वहीं नृत्य में प्रथम स्थान हंस चिल्ड्रन एकेडमी, द्वितीय स्थान विद्या मंदिर सतपुली, तृतीय स्थान न्यू होप चिल्ड्रन एकेडमी जैंथोल गांव कल्जीखाल, कला प्रतियोगिता में मोहित नेगी प्रथम, रुद्राक्ष द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर गीतांजलि रही। भाषण में अजय डोबरियाल प्रथम, अमन द्वितीय, श्रेया व तनिष्का तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन न्यू होप चिल्ड्रन एकेडमी जैंथोल गांव के शिक्षक मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर रविंद्र कुमार सह संयोजक, विजेंद्र कुमार उत्तराखंडी, अरविंद निराला, पूर्व प्रधान गोरली रविंद्र कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कोटा नरेंद्र कनपुडिया, सतीश चंद्र धीरज सिंह माही, मनोज कुमार, रिचा मिश्रा, संगीता बिष्ट, मनोहर बुड़ाकोटी, अजय कुमार, पीएलबी पुष्पेंद्र राणा आदि उपस्थित रहे।

### गाडू घड़ा यात्रा का श्रीनगर में किया स्वागत

श्रीनगर गढ़वाल : श्री बदरीनाथ भगवान की गाडू घड़ा यात्रा का श्रीनगर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। शुक्रवार को पूजा-अर्चना के बाद गाडू घड़ा यात्रा ने डिम्मर (कर्णप्रयाग) के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने गाडू घड़ा के दर्शन करते हुए भगवान बदरी विशाल का आशीर्वाद लिया। गाडू घड़ा 23 अप्रैल तक डिम्मर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रवास करेगी। गाडू घड़ा यात्रा 12 अप्रैल को नरेंद्रनगर से प्रस्थान कर ऋषिकेश पहुंची। 13 अप्रैल को यात्रा ऋषिकेश से रवाना होकर देवप्रयाग व कीर्तिनगर होते हुए देर शाम श्रीनगर पहुंची। गाडू घड़ा यात्रा का रात्रि प्रवास यहां बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति की धर्मशाला में हुआ। शुक्रवार को यात्रा के यहां से रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं ने गाडू घड़ा के दर्शन कर आशीवाद लिया। यात्रा में डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के केंद्रीय पंचायत अध्यक्ष आशुतोष डिमरी, सरपंच विजयराम डिमरी, नरेश डिमरी, दिनेश डिमरी, राजेंद्र प्रसाद, शैलेंद्र, गणेश, व आयुष डिमरी आदि शामिल हैं। (एजेंसी)

# युवा समाज एवं देश के हित में कार्य करें




जिला युवा अधिकारी राष्ट्रीय युवा स्वयं सेविका को स्मृति चिंह भेंट करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नेहरू युवा केंद्र पौड़ी गढ़वाल द्वारा विकास क्षेत्र दुगड्डा के हल्दूखाता, कोटद्वार में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने युवाओं को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने स्वतंत्रता के बाद देश के संविधान को बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया है एवं हमें लोकतंत्रात्मक संविधान दिया है। हमें अंबेडकर के विचारों को भी अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस मौके पर कटिंग एवं टेलरिंग प्रशिक्षिका किरन देवी ने बताया कि जिस प्रकार डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा अनेकों सामाजिक कार्य किए गए है उसी प्रकार युवाओं को भी समाज एवं देश के हित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र की राष्ट्रीय युवा स्वयं सेविका ज्योति, नेहरू युवा मंडल हल्दूखाता से शिवानी नेगी, शिवानी, प्रिया, भारती, सोनाली आदि मौजूद रहे।

## चमधार स्लाइडिंग जोन बनेगा यात्रा सीजन में मुसीबत का सबब

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर से करीब आठ किमी. की दरी पर ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित चमधार स्लाइडिंग जोन बरसात में यात्रा के दौरान मुसीबत का कारण बना रहेगा। हालांकि यहां पर एनएच लोनिवि की ओर से मार्ग का चौड़ीकरण कर पहाड़ी से आने वाले मलबे के ट्रीटमेंट का कार्य किया गया है, लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहा है।

इसके अलावा ऑलवेदर रोड के तहत उफल्डा से श्रीकोट तक राजमार्ग का चौड़ीकरण न होने से जाम की स्थिति का सामना भी करना पड़ सकता है। यात्रा शुरू होने से पहले ही उक्त स्थान पर वाहनों का दबाव अत्यधिक संख्या में दिखने लग गया है। जिसके कारण पौड़ी चुंगी से लेकर एजेंसी मोहल्ला तक करीब दो किमी. की दूरी में वाहनों को आसानी से पार कराने में मुसीबतें होने लग गई हैं। इसको देखते हुए यहां पर यात्रा काल में जाम की स्थिति बनी रहने की पूरी आशंका है। एनएच लोनिव के अधिशासी अभियंता निर्भय सिंह ने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर एनएच प्रशासन की तैयारियां पूरी हैं। कहा कि चामधार के पास भूस्खलन जोन सक्रिय है, उसके लिए एनएच की ओर से जेसीबी आपरेटरों को तैनात किया जाएगा।

साथ ही बरसात के दौरान चौबीस घंटे ही यहां पर मशीनें रहेंगी। कहा एनएच में हुए अतिक्रमण को लेकर पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया जाएगा।

## एसएसपी ने किया अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पुलिस लाइन में अग्निशमन सेवा सप्ताह का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने शुभारंभ कर अग्निशमन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान फायर सर्विस कार्मिकों द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए आगजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए। इस दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन कार्मिकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

शुक्रवार को पुलिस लाइन में फायर सर्विस के वाहनों, कार्मिकों व गुरु राम राय स्कूल के छात्र-छात्राओं की रैली को प्रचार-प्रसार के लिए हरी झंडी दिखाकर अग्निशमन सप्ताह का शुभारंभ कर रवाना किया गया। रैली पुलिस लाइन पौड़ी से रवाना होते हुए एजेंसी चौक, बस अड्डा के साथ ही पूरे बाजार क्षेत्र से होते हुए पुलिस लाइन तक निकाली गई। इस मौके पर एसएसपी पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने कहा कि पिछले वर्ष जिले में कुल 105 आगजनी की घटनाएं घटित हुई। जिनमें से 90 वनाग्नि की घटनाए व 15 अन्य अग्निकाण्ड की घटनाएं घटित हुई थी। फायर सर्विस जवानों द्वारा उक्त स्थानों पर आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही अविलंब मय फायर उपकरणों के घटना स्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत व सूझबूझ के बाद आग पर काबू पाया गया। जिससे बड़े हादसे होने से टल गए और बड़ी जन-धन की हानि होने से बच गई। एसएसपी ने जनपद के समस्त अग्निशमन अधिकारियों को ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकार ग्रामीणों को वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूक करने के लिए निर्देश दिये। इस मौके पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी केशव दत्त तिवारी आदि शामिल थे।



एसएसपी पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

## 17 अप्रैल को श्रीनगर में होगा सतत विकास पर विमर्श

श्रीनगर गढ़वाल : जी-20 सम्मेलन के संदर्भ में आगामी 17 अप्रैल को देश के प्रमुख वैज्ञानिक श्रीनगर में हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास से जुड़े पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने बताया कि जीबी पंत हिमालयी पर्यावरण संस्थान, रिसर्च एंड इनफार्मेशन सिस्टम फ़ॉर डेवलपिंग कन्ट्रीज(आरआईएस), कलिंगा इस्टीटूट फॉर इंडो पैसिफिक स्टडीज, इंडियन हिमालयन यूनिवर्सिटीज कंसोर्टियम के साथ मिलकर यह आयोजन किया जा रहा है। इस विमर्श में राजनीतिक विमर्श, पर्यावरण और जलवायु, कृषि एवं आजीविका, सामाजिक-राजनीतिक-सांस्कृतिक सभ्यता की ऐतिहासिकता, आपदा नियंत्रण, जैविक संपदा प्रबंधन, रोजगार, शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, पर्यावरण सम्मत और सस्ता पर्यटन, व्यापार, निवेश आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। विमर्श के आधार पर विशेषज्ञ कुछ संस्तुतियां तैयार करेंगे जो संबंधित मंत्रालयों को प्रेषित की जाएंगी। कार्यक्रम संयोजक वानिकी के विभागाध्यक्ष प्रो. आरसी सुंदरियाल ने बताया कि एक स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध विश्व के लिए सतत विकास के सयुंक्त राष्ट्र के लक्ष्य के प्रति जी-20 के अध्यक्ष में रूप में भारत संकल्पित है।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सूचना सं0 02–GSU–MB–23–24 दिनांक: 05.04.2023**
**खोलने की तिथि: 27.04.2023**
उपरोक्त निविदाए जो कि उप मुख्य आभियंता/गति शक्ति यूनिट/उ0रे0/मुरादाबाद के अधीन आमंत्रित की गयी थी। उपरोक्त निविदा को प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1125/23

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सूचना सं0 03–GSU–MB–23–24 दिनांक: 05.04.2023**
**खोलने की तिथि: 28.04.2023**
उपरोक्त निविदाए जो कि उप मुख्य आभियंता/गति शक्ति यूनिट/उ0रे0/मुरादाबाद के अधीन आमंत्रित की गयी थी। उपरोक्त निविदा की खुलने की तिथि संशोधित कर दिनांक–05–05–2023 की गयी है। शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1126/23

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

विषय :–
1 निविदा सूचना सं0 04-GSU-MB-23-24 दि0 05.04.2023 खुलने की तिथि 01.05.2023. 2 निविदा सूचना सं0 05-GSU-MB-23-24 दि0 05.04.2023 खुलने की तिथि 01.05.2023. 3 निविदा सूचना सं0 06-GSU-MB-23-24 दि0 06.04.2023 खुलने की तिथि 04.05.2023.
उपरोक्त निविदाए जो कि उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति यूनिट/उ0रे0/मुरादाबाद के अधीन आमंत्रित की गयी थीं। उपरोक्त निविदाओं के खुलने की तिथि संशोधित कर दिनांक– 08.05.2023 की गयी है। शेष नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।
1127/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि **08.05.2023** है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 09-GSU-MB-23-24 14.04.2023 |
| कार्य का नाम | Upgradation of Bulandshahar station of Moradabad Division under Amrit Bharat scheme for Platform work, Improvement of circulating area, entrance porch, toilet, waiting area & interior design etc. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 08.05.2023, 16:00 बजे |
| अनुमानित लागत | रु. 6,00,85,671.51 |
| धरोहर राशि | रु. 4,50,400.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 24.04.2023 |

सं.: Dy.CE/GSU/MB/Publication-09/23-24 दिनांक: 14.04.2023 1129/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 09.05.2023 है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेटबैंकिंग, डेबिटकार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 08-GSU-MB-23-24 14/04/2023 |
| कार्य का नाम | Geotechnical Investigation, casting of test piles, initial load test on piles, carrying out drawing and design of substructure etc. of ROB at L-xing no. 334 between Banthra-Tilhar section and 432-B at Rly Km 1426/15-16 near Kaanth between MB-SRE section in jurisdiction of Dy Chief Engineer/GSU/MB at Moradabad division. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 09.05.2023, 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4504793.96 |
| धरोहर राशि | 90100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 25.04.2023 |

न. Dy.CE/GSU/MB/Publication-08/23-24 दिनांक–14.04.2023 1128/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## वाहन ने बाइक और युवक-युवती को मारी टक्कर, चालक फरार, मुकदमा दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी-टेका-सतपुली मोटर मार्ग पर बीते गुरुवार की शाम एक अनियंत्रित वाहन ने सड़क किनारे खड़ी बाइक व पास खड़े युवक-युवती को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवती गहरी खाई में गिर गई। जबकि युवक सड़क पर ही गिरकर घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद से ही वाहन चालक फरार चल रहा है। राजस्व पुलिस ने वाहन को सीज कर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। राजस्व पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

पौड़ी-टेका-सतपुली मोटर मार्ग पर बीते गुरवार शाम एक वाहन तेज रफ्तार से अद्वाणी की ओर से पौड़ी आ रहा था। जिसने मोटर मार्ग पर टेका के समीप सड़क किनारे खड़ी बाइक व पास खड़े युवक-युवती को टक्कर मार दी। हादसे में युवती खाई में गिर गई। युवक सड़क पर ही गिर गया। घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस व राजस्व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने खाई से घायल युवती का रेस्क्यू किया। 108 की मदद से घायलो को जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। नायब तहसीलदार पौड़ी हरेंद्र खत्री ने बताया कि सड़क हादसे में अमीषा नेगी निवासी प्रेमनगर पौड़ी और देवेंद्र पुंडीर हाल निवास श्रीनगर-चौरास घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। चालक फरार चल है। हालांकि वाहन सीज कर दिया गया है। बताया कि घायल युवती के परिजन की तहरीर पर वाहन चालक अभिषेक के खिलाफ लापरवाही व तेजी से वाहन चलाने, लोगों को घायल करने की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार चालक की तलाश जारी है। मामले में जल्द ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### क्रास कंट्री रेस में सरोजनी व धीरज रहे अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : खेल कल्याण समिति श्रीकोट गंगानाली के तत्वावधान में आंबेडकर जयंती पर रन फॉर कन्स्टीटियूशन ओपन क्रास कंट्री का आयोजन किया गया। इस मौके पर पर बतौर मुख्य अतिथि एसएसआई संतोष पैथवाल क्रास कंट्री रेस के प्रतिभागी बालक एवं बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सरोजनी प्रथम, रोशनी रावत द्वितीय, ऋतिका तृतीय, आस्था चतुर्थ व प्रतिभा ने पंचम स्थान प्राप्त किया।

बालक वर्ग में धीरज रावत प्रथम, अमित राणा द्वितीय, शुभम तृतीय, धनवीर चतुर्थ व अंकुर ने पंचम स्थान प्राप्त किया।

# अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी । प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति द्वारा आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान समिति द्वारा आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही नवांकुर नाट्य समूह द्वारा नाट्य प्रस्तुति व गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

शुक्रवार को आंबेडकर मूर्ति स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने आंबेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद नवांकुर नाट्य समूह द्वारा नाटक की प्रस्तुति देकर लोगो को जागरूक किया गया। पुराने जिला पंचायत सभागार में आयोजित गोष्ठी में विधायक राजकुमार पोरी ने आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सभी को समानता का अधिकार दिलाया और जातिगत भेदभाव को खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष हरीश चंद्र शाह, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार, महासचिव राजेश शाह, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार टम्टा, कोषाध्यक्ष हुकम सिंह टम्टा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार, नमन चंदोला, कुलदीप गुसाईं आदि शामिल थे।

# प्रदेश के विकास के लिए यूकेडी उपयुक्त : जुयाल

नई टिहरी : उत्तराखंड क्रांति दल की जनजागरण यात्रा के घनसाली पहुंचने पर यूकेडी कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। वक्ताओं ने प्रदेश की वर्तमान व पूर्व सरकार को आड़े हाथों लेते हुए तीखा हमला किया। उन्होंने भाजपा व कांग्रेस सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए प्रदेश के विकास के लिए यूकेडी को उपयुक्त बताया।

शुक्रवार को घनसाली पहुंची यात्रा का नेतृत्व कर रहे पार्टी के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एपी जुयाल ने कहा कि राज्य निर्माण को 22 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन अभी तक भाजपा व कांग्रेस ने राज्य की मूल अवधारणा के तहत पलायन रोकने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। आम जनता 22 वर्ष बाद भी अपने को ठगा महसूस कर रही है। मूल निवास, भू–कानून, रोजगार व स्वरोजगार सबकुछ समाप्त कर दिए गए है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देवभूमि की बेटी अंकिता हत्याकांड में, जिस तरह सरकार दोषियों को बचाने में लगी है वह बहुत ही अफसोसजनक है। यूकेएस एसएससी और यूकेपीएससी सहित कई भर्ती परीक्षाओं सहित भर्ती घोटालो के दोषियों को बचाने का घृणित प्रयास किया जा रहा है। उससे स्पष्ट है कि राष्ट्रीय पार्टियां उत्तराखंड के लोगो को न्याय दिलाने में अक्षम रही है। विगत 7 माह से यूकेडी धरना, प्रदर्शन, रैलियों व ज्ञापन के माध्यम से उक्त प्रकरणों की सीबीआई जांच की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि अब वह जनता की सवोच्च अदालत में जाकर जन जागरण का काम कर सरकार का पर्दाफाश करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष किशन मेहता, मुख्य प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, समीर, संजय डोभाल, लोकेंद्र जोशी, विशन कंडारी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### फायर कर्मियों ने निकाला रैली, अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति किया जागरूक

उत्तरकाशी : उत्तरकाशी में शुक्रवार को फायर सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान फायर कर्मियों द्वारा मार्च निकालकर आम लोगों को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया। फायर सेवा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक जारी रहेगा। जनपद में व्यापक स्तर पर फायर जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

फायर स्टेशन लदाड़ी उत्तरकाशी पर फायर सेवा सप्ताह की शुरुआत करते हुये सीओ उत्तरकाशी अनुज कुमार एवं सीओ ऑपरेशन प्रशान्त कुमार ने फायर कर्मियों के साथ शहीद फायर कर्मियों को पुष्पाजंलि अर्पित की।

इसके बाद फायर सर्विस की जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फायर कर्मियों द्वारा लदाड़ी, जोशियाड़ा, मातली, ज्ञानसू, मुख्य बाजार एवं गंगोरी में मार्च कर आमजन को लाउडस्पीकर के माध्यम से अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति जागरुक किया गया।

## डीएम के आदेश का नहीं हो रहा पालन, ग्रामीण को जानमाल का खतरा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम रौंतेला के ग्रामीण को जानमाल का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण कई बार प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगा चुके है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। जिससे धमकी देने वाले के हौंसले बुलंद है और वह आये दिन ग्रामीणों को धमकियां दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर प्लांट में कार्य बंद किये जाने के जिलाधिकारी द्वारा आदेश भी दिए गए है, लेकिन जिलाधिकारी के आदेशों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा यदि उन्हें न्याय नहीं मिलाता है तो आगामी 17 अप्रैल को गढ़वाल आयुक्त कार्यालय में तीन दिवसीय धरना देंगे और यदि तब भी न्याय नहीं मिलाता है तो वहीं पर भूखहडताल शुरू कर देंगे।

ग्रामीण और राज्य आन्दोलनकारी महिपाल सिंह ने बताया कि रौंतेला सैन में विनय गोयल, अनीता अग्रवाल और गौरव अग्रवाल द्वारा सोलर प्लांट लगाया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त लोगों ने अवैध रूप से ग्रामीणों की भूमि पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल से इस मामले की जांच की मांग की तो सोलर प्लांट के मालिकों द्वारा डरा धमका कर उन्हें चुप कराने की कोशिश की गई, लेकिन वह डरे नहीं और उन्होंने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी सतपुली, जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल और मंडल आयुक्त गढ़वाल मंडल से की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सोलर प्लांट के मालिकों द्वारा अपने कर्मचारियों के माध्यम से उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। महिपाल सिंह ने बताया कि सोलर प्लांट मालिकों द्वारा मेरे खेतों में अवैध कब्जा किया गया तथा मेरे खेतों पर जेसीबी चलाकर उसकी दीवार को क्षतिग्रस्त किया गया है।

### वाद विवाद में रचना तो निबंध में सलोनी रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय महाविद्यालय पोखड़ा में जी-20 के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वाद-विवाद व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित भ्रष्ट्राचार उन्मूलन विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में रचना ने पहला, श्वेता ने दूसरा व सोनाली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारतीय राजनीति में भ्रष्ट्राचार विषय पर निबंध प्रतियोगिता में सलोनी ने पहला, रचना ने दूसरा व श्वेता ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्य प्रो. विदया राय ने छात्र-छात्राओं को भ्रष्ट्राचार से हो रहे विश्वव्यापी नुकसान के बारे में जानकारी दी। डा. सुशील, राज ममता, डा. ऋषि कांत प्रजापति, आशा आर्य ने भ्रष्ट्राचार उन्मूलन विषय पर जानकारी दी।

## सम्पादकीय

# आखिर आतंक का समर्थन क्यों?

राजनीति का स्तर कितना गिर सकता है यह कई बार विभिन्न मुद्दों को लेकर सामने आ चुका है। अपराधियों के मारे जाने को भी धर्म विशेष से जोड़ना कुछ खास राजनीतिक दलों की पहचान बन चुकी है। उत्तर प्रदेश के माफिया राज को समाप्त करने के लिए वर्तमान सरकार ने दुर्दांत माफिया अतीक अहमद के साम्राज्य का सूरज लगभग डुबो दिया है। कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आ रहा है और वह सीधे सरकार को कटघरे में खड़े करने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं। अतीक अहमद के बेटे को मुठभेड़ में मरने के बाद राजनीति का बुलबुला फिर छटपटाने आने लगा है। कुछ और नहीं हुआ तो सीधे इसे एक खास धर्म के व्यक्ति से जोड़कर भाजपा को आरोपित किया जा रहा है। उमेश पाल हत्याकांड में अब तक जितने भी बदमाशों को मारा गया है वह प्रत्यक्ष तौर पर हत्याकांड में शामिल पाए गए हैं, जबकि उनका सरगना अतीक अहमद स्वयं आतंकी संगठनों के संपर्क में लिप्त पाया गया है। पुलिस में रिमांड के बाद खुद अतीक ने आतंकी संगठनों से अपने संबंध होने व ड्रोन के माध्यम से पंजाब की सीमा पर हथियार गिराए जाने की बात स्वीकार की है। दुर्भाग्य ही है कि ऐसे व्यक्तियों का समर्थन कुछ खास ऐसे दल कर रहे हैं जो प्रदेश की राजनीति में कई वर्षों तक सत्तासीन रहे हैं। समाज की सुरक्षा और गरिमा से कहीं अधिक महत्वपूर्ण इन नेताओं के लिए माफियाओं का संरक्षण एवं पक्ष लेना है। झांसी में जिस उमेश हत्याकांड के आरोपी असद को एसटीएफ ने मार गिराया है उसका पिता स्वयं अतीक अहमद पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के संपर्क में रहा है। इसी माफिया अतीक ने अपने बयान में कबूला है कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए पंजाब की सीमा में हथियार गिराए जाते हैं, जो बाद में अतीक के गुर्गे खेतों से इकट्ठा कर लेते थे। जाहिर है अतीक अहमद भी आतंकवादी की श्रेणी में ही खड़ा किया जाना चाहिए और उसे एक आतंकी मानकर पूछताछ का दायरा शुरू करना चाहिए। हर नागरिक शायद उस वक्त अचंभित महसूस कर रहा होगा जब बदमाशों की मौत पर सवाल उठाने वाले चिल्ला चिल्ला कर अपराध समाप्त करने वालों को ही आरोपित करते थे। उत्तर प्रदेश से एक लंबे दशकों के बाद अतीक अहमद के आतंक का सफाया हुआ है और ना जाने कितने ही ऐसे परिवार होंगे जो अतीक के गैंग की बुरी हालत देखकर आज सुकून महसूस कर रहे होंगे। इससे बुरी गत और क्या होगी कि अतीक अहमद के शूटर का शव तक लेने उसके परिजन नहीं पहुंचे। स्पष्ट है कि हर व्यक्ति अमन और सुरक्षित समाज चाहता है लेकिन अतीक जैसे गुंडे भय के आधार पर अपनी सत्ता चलाना चाहते हैं। कहते हैं कि एक दिन बुराई का अंत होता ही है और जो आप दूसरों के साथ करते हैं वही एक दिन खुद पर भी गुजरती है। अतीक अहमद आज उसी दौर से गुजर रहा है और अब उसके साथ रहने वाले खुद उस पर आरोप लगा रहे हैं कि अतीक के कारण उनका परिवार बर्बाद हो गया। नेताओं को ऐसे बदमाशों का समर्थन एवं संरक्षण करने से पहले समाज के हित को जेहन में रखना चाहिए।

# सावधान ! हीट वेव को हल्के में न ले

श्रुति व्यास



गर्मियों का मौसम शुरू है और इस वर्ष यह कतई नार्मल नहीं होगा। तैयार हो जाए हीट वेव के लिए। पिछले सप्ताह तक बारिश, ओलावृष्टि और आंधी के बेमौसम दौर से तापमान ठिकठाक रहा। लेकिन अब दिन–प्रतिदिन तापमान बढ़ता हुआ है। मौसम विभाग की चेतावनी है कि अगले पांच दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। मौसम संबंधी एप्स की माने तो अगले एक हफ्ते में तापमान 40 डिग्री तक जा सकता है। बताया जा रहा है कि इस साल गर्मी ज्यादा पड़ेगी, बहुत ज्यादा।हमें ग्लोबल वार्मिंग के खतरनाक दुष्परिणाम भोगने होंगे।इसी गर्मी में पूत के पांव पालने में दिखलाई पड़ेंगे।

इस साल की फरवरी,1901 के बाद की सबसे गर्म फरवरी थी। वही मार्च में जितनी बारिश हुई, उतनी पिछले सौ सालों में कभी नहीं हुई।अब अप्रैल से भारत के मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र की चेतावनी है कि तीन महीने का गर्मी का मौसम बहुत कष्टदायी होगा। पिछले साल भी हीट वेव तकलीफदेह रही थी। उसने दुनिया भर में गेंहू की आपूर्ति को प्रभावित किया था। इस बार भारत के मौसम के पूर्वानुमान की ओर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। छह मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गर्मी से निपटने की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। ऊर्जा मंत्रालय भी जरूरी कदम उठा रहा है। उसने बिजलीघरों को कोयले का आयात करने का निर्देश दिया है। कोयला भारत में बिजली उत्पादन का प्रमुख साधन है और कोयले का घरेलू उत्पादन संभवतः मांग की पूर्ति नहीं कर पाएगा।

परन्तु सारी तैयारियों के बावजूद आने वाले दिन कष्टकारी होने वाले हैं।

विश्व बैंक द्वारा नवंबर में जारी एक रपट में चेतावनी दी गई थी कि भारत दुनिया के उन पहले देशों में से एक बन सकता है जहां वेट बल्ब टेम्परेचर 35 डिग्री सेल्सियस (जो मनुष्य की सहन करने योग्य तापमान की उच्चतम सीमा है) से ऊपर होगा। वेट बल्ब टेम्परेचर क्या है? वह धूप में खड़े होने पर मनुष्य के शरीर पर पडने़ वाले प्रभाव को मापने का एक तरीका है। वेट बल्ब टेम्परेचर की गणना हवा के तापमान और गति, वातावरण में नमी, सूर्य के कोण और बादलों की मौजूदगी आदि को ध्यान में रख कर की जाती है। जब वेट बल्ब टेम्परेचर 35 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो मनुष्यों के लिए पसीने से अपने शरीर को ठंडा रखना असंभव होता है। इस तरह यह वह अधिकतम तापमान है जिस पर मनुष्य जीवित रह सकता है। कुछ घंटों तक इस तापमान का सामना करने पर स्वस्थ से स्वस्थ व्यक्ति को भी लू लगने एवं मृत्यु होने का खतरा रहता है। सन् 2010 से 2019 के बीच भारत में उसके पिछले दशक की तुलना में ग्रीष्म लहर की घटनाओं में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सन् 2019 में प्रकाशित मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर एल्फातिह एल्ताहिर एवं उनके सहयोगियों के एक शोधप्रबंध में चेतावनी दी गई है कि भले ही विश्व ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी की दिशा में प्रगति करे किंतु दक्षिण एशिया के बड़े इलाकों को 31 डिग्री तक के वेट बल्ब टेम्परेचर का सामना करना पड़ेगा, जो कि अधिकांश मनुष्यों के लिए बहुत खतरनाक माना जाता है। एल्ताहिर का यह भी अनुमान कि पूरी दुनिया में फारस की खाड़ी ग्रीष्म लहर की दृष्टि से सबसे खऱाब क्षेत्र होगा। इसके बाद उत्तर भारत और फिर घनी आबादी वाले पूर्वी चीन का नंबर होगा। अगर कार्बन उत्सर्जन में कमी नहीं लाई गई और दुनिया वैसी ही चलती रही जैसे चल रही है तो 2071 से 2100 के बीच, करीब चार प्रतिशत आबादी को कम से एक बार छह घंटे की अवधि की मनुष्यों के लिए जानलेवा 35 डिग्री वेट बल्ब टेम्परेचर की हीट वेव का सामना करना पड़ेगा। जो शहर इस तरह की हीट वेव में जलेंगे उनमें लखनऊ और पटना जैसे बड़ी आबादी वाले नगर शामिल हैं।

भारत ने हालात से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। एक राष्ट्रव्यापी हीट एक्शन प्लान बनाया गया है। यह अहमदाबाद में सन 2013 में लागू की गई योजना पर आधारित है। ऐसा कहा जाता है कि इस योजना के अंतर्गत टेक्स्ट मैसेज भेजकर, बड़ी संख्या में पानी के प्याऊ खोल कर और लोगों को धूप में निकलने से बचने की सलाह देकर कम से कम 2000 जानें बचाई गईं थीं। इस साल यह योजना 23 राज्यों में लागू की जाएगी। सन 2017 से ही नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण) राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ कार्यशालाएं आयोजित कर उन्हें गर्मी से निपटने की समग्र योजना लागू करने के लिए कह रहा है और उन्हें यह भी बता रहा है कि इससे कैसे जानें बचाई जा सकेंगी।

इसमें कोई शक नहीं कि साल–दर–साल स्थिति और खऱाब होती जाएगी। साल–दर–साल सिन्धु–गंगा के मैदान में रहने वाली विशाल गरीब आबादी के लिए कई दिनों या कई सप्ताहों तक गर्मी के कारण जीना और मुहाल होता जायेगा। प्रो। एल्फातिह एल्ताहिर ने लिखा है कि भारत के लिए वैश्विक जलवायु परिवर्तन अब केवल अकादमिक चर्चा का विषय नहीं है, केवल एक अमूर्त खतरा नहीं है, वरन जीवन–मृत्यु का प्रश्न बन गया है।

ग्लोबल वार्मिंग अब एक वैज्ञानिक अवधारणा नहीं रह गई है। वह एक भयावह सच्चाई बन कर हमारे सामने उपस्थित है और अत्यंत कार्यकुशल और साधन–संपन्न सरकारों के लिए भी इसे आपदा में बदलने से रोकना एक चुनौती होगा।

जो हो, फिलहाल तैयारी कीजिए बहुत गर्म और बहुत परेशान करने वाली गर्मियों की। खूब पानी पिएं, अपने आप को ठंडा रखें और यदि बहुत ज़रूरी न हो तो दोपहर को बाहर न निकलें। यह ज़िन्दगी का सवाल है।

**सन् 2019 में प्रकाशित मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर एल्फातिह एल्ताहिर एवं उनके सहयोगियों के एक शोधप्रबंध में चेतावनी दी गई है कि भले ही विश्व ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी की दिशा में प्रगति करे किंतु दक्षिण एशिया के बड़े इलाकों को 31 डिग्री तक के वेट बल्ब टेम्परेचर का सामना करना पड़ेगा, जो कि अधिकांश मनुष्यों के लिए बहुत खतरनाक माना जाता है। एल्ताहिर का यह भी अनुमान कि पूरी दुनिया में फारस की खाड़ी ग्रीष्म लहर की दृष्टि से सबसे खऱाब क्षेत्र होगा। इसके बाद उत्तर भारत और फिर घनी आबादी वाले पूर्वी चीन का नंबर होगा। अगर कार्बन उत्सर्जन में कमी नहीं लाई गई और दुनिया वैसी ही चलती रही जैसे चल रही है तो 2071 से 2100 के बीच, करीब चार प्रतिशत आबादी को कम से एक बार छह घंटे की अवधि की मनुष्यों के लिए जानलेवा 35 डिग्री वेट बल्ब टेम्परेचर की हीट वेव का सामना करना पड़ेगा। जो शहर इस तरह की हीट वेव में जलेंगे उनमें लखनऊ और पटना जैसे बड़ी आबादी वाले नगर शामिल हैं।**

# क्या है टिंटेड मॉइस्चराइज और क्यों इसे त्वचा की देखभाल वाले रूटीन में करना चाहिए शामिल?



क्या आपने कभी टिंटेड मॉइस्चराइजर के बारे में सुना है? अगर नहीं तो आपको बता दें कि यह हल्के रंग वाला मॉइस्चराइजर होता है। यह त्वचा पर बीबी क्रीम की तरह काम करता है। इसमें ह्यूमेक्टेंट, एंटी–ऑक्सीडेंट और आयरन ऑक्साइड, टाइटेनियम डाइऑक्साइड जैसे तत्व होते हैं। आइए आज हम आपको टिंटेड मॉइस्चराइज का इस्तेमाल, इसके फायदे और नुकसान के बारे में बताते हैं ताकि इसे त्वचा की देखभाल वाले रूटीन में शामिल करना आपके लिए आसान हो सके।

**टिंटेड मॉइस्चराइजर के फायदे**

टिंटेड मॉइस्चराइजर की स्थिरता किसी भी अन्य क्रीम की तुलना में हल्का होता है। वहीं बीबी क्रीम के विपरीत आप टिंटेड मॉइस्चराइजर को अलग–अलग रंगों में चुन सकते हैं। यह त्वचा के दाग–धब्बों को छिपाने के साथ–साथ त्वचा को मॉइस्चराइज भी मदद करता है। टिंटेड मॉइस्चराइजर बहुमुखी होते हैं क्योंकि ये त्वचा को एक प्राकृतिक चमक देने और हाइड्रेट करते हैं और यहां तक कि इसे लगाने के बाद आपको प्राइमर और फाउंडेशन लगाने की भी जरूरत नहीं है।

**टिंटेड मॉइस्चराइजर से होने वाले नुकसान**

टिंटेड मॉइस्चराइजर में एंटी–एजिंग या वाइटनिंग गुण नहीं होते हैं। यह त्वचा पर कम समय के लिए रहता है और त्वचा पर रंग भी कम देता है। अन्य उत्पादों में एसपीएफ़ ज्यादा होते हैं, जबकि टिंटेड मॉइस्चराइजर में एसपीएफ़ 15 से 30 होता है। बीबी क्रीम में तो यह 30 से शुरू होता हैं। हालांकि, बीबी क्रीम या फाउंडेशन जैसे उत्पादों की तुलना में टिंटेड मॉइस्चराइज थोड़ा महंगा होता है। ऐसे में फाउंडेशन की बजाय बीबी क्रीम लगाएं।

**टिंटेड मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करने का सही तरीका**

सबसे पहले चेहरे को माइल्ड फेस क्लींजर से साफ करें और फिर किसी भी अन्य लोशन या क्रीम की तरह टिंटेड मॉइस्चराइजर की थोड़ी मात्रा लेकर चेहरे पर लगाएं। अगर आपको डेवी मेकअप लुक चाहिए तो यह उत्पाद अकेला ही काफी है, लेकिन यदि आप मैट फिनिश लुक चाहती हैं तो टिंटेड मॉइस्चराइज के बाद शीयर पाउडर का भी इस्तेमाल करें। हमेशा अपनी त्वचा के रंग के सबसे करीब वाले टिंटेड मॉइस्चराइजर को ही चुनें।

**फाउंडेशन, बीबी क्रीम और टिंटेड मॉइस्चराइजर में क्या है अंतर?**

फाउंडेशन और टिंटेड मॉइस्चराइजर के बीच एक अंतर यह है कि फाउंडेशन में टाइटेनियम ऑक्साइड लगभग 14 से 15 प्रतिशत मात्रा में मौजूद होता है, जबकि टिंटेड मॉइस्चराइजर में यह लगभग 3 प्रतिशत मात्रा में मौजूद होता है। इस सामग्री का इस्तेमाल त्वचा को रंग देने के लिए किया जाता है। वहीं बीबी क्रीम के विपरीत टिंटेड मॉइस्चराइजर विभिन्न रंगों में उपलब्ध होते हैं और त्वचा के लिए हल्के रहते हैं।

# कांग्रेस के प्रति कोई ममता नहीं



**पच्चीस मार्च के पहले तक ममता कहती थीं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे बड़ी 'टीआरपीइ हैं, लेकिन अदालत ने जैसे ही राहुल गांधी खिलाफ फैसला सुनाया, ममता एकाएक राहुल के पक्ष में बोलने और केंद्र सरकार खासकर नरेन्द्र मोदी को घेरने लगीं। सवाल उठ रहा है कि ममता ने अचानक पलटी क्यों मारी? क्या सचमुच में ममता राहुल के साथ खड़ी हैं? अगर हां, तो फिर ममता को उस कांग्रेस से परहेज क्यों है, जिसने उन्हें पहली बार सांसद और केंद्रीय मंत्री बनने का अवसर प्रदान किया था? या फिर क्या ममता राहुल के बहाने 2024 की गोटी सजाने में लगी हैं। जानकारों के एक पक्ष का मत है कि राहुल का मुद्दा उछाल कर ममता बताने की कोशिश कर रही हैं कि मोदी सरकार के इशारे पर विपक्षी दलों के नेताओं के साथ लगातार गलत हो रहा है।**

शंकर जालान

कहावत प्रचलित है–'गुड़ खाए, लेकिन गुलगुले से परहेजइ। राहुल गांधी और राष्ट्रीय कांग्रेस को लेकर इन दिनों कुछ ऐसा ही चल रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ दिए गए बयान के बाद राहुल गांधी की लोक सभा की सदस्यता रद्द कर दी गई, इसे लेकर कांग्रेस समेत तमाम गैर–भाजपाई दल भले ही मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए राहुल के साथ खड़े दिख रहे हों, बावजूद इसके ज्यादातर क्षेत्रीय दलों विशेषकर तृणमूल कांग्रेस को आगामी लोक सभा चुनाव में कांग्रेस का साथ मंजूर नहीं है।

ऐसे में लाख टके का सवाल है कि इस तरह के बिखराव के बीच क्या 2024 में भाजपा को परास्त किया जा सकेगा।

कांग्रेस को अलग रखकर गठबंधन की जो सुगबुगाहट शुरू हुई है, क्या वह साकार हो पाएगी? देश का अगला प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहीं अग्निकन्या के नाम से मशहूर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी क्या सचमुच में ऐसा कर पाएंगी?

राहुल का समर्थन, लेकिन कांग्रेस को दरकिनार कर तमाम राजनीतिक दल विशेषकर ममता अपनी राजनीति में सफल हो पाएंगी? कभी अकेले चुनाव लडने़, अभी भाजपा और कांग्रेस से अलग मोर्चा बनाने जैसी घोषणाओं के पीछे आखिर, ममता की क्या मजबूरी है, या ममता बार–बार और इतनी जल्दी–जल्दी बयान क्यों पलट रही हैं।

इसे लेकर जहां राजनीति के पंडित माथापच्ची कर रहे हैं, वहीं भाजपा राहत की सांस ले रही है क्योंकि भाजपा के केंद्रीय नेताओं या कहें कि रणनीतिकारों को भली–भांति ज्ञात है कि विपक्ष विशेषकर ममता जितना रंग बदलेंगी, भाजपा के लिए 2024 की राह उतनी ही सहज होगी। बताते चलें कि जिस मुद्दे पर राहुल को लोक सभा की सदस्यता से हाथ धोना पड़ा है, उसी तरह के मुद्दे को उछाल कर तृणमूल कांग्रेस अब प्रधानमंत्री मोदी को न केवल कठघरे में खड़ा करना चाहती है, बल्कि उनकी (प्रधानमंत्री) की सदस्यता रद्द करने की मांग भी कर रही है। तृणमूल का तर्क है कि जब प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक या हास्यास्पद शब्द बोलने पर राहुल को सजा सुनाई जा सकती है, तो फिर ममता बनर्जी के लिए 'दीदी–ओ–दीदीइ जैसी व्यंग्यात्मक टिप्पणी के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को क्यूं नहीं ?

पच्चीस मार्च के पहले तक ममता कहती थीं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे बड़ी 'टीआरपीइ हैं, लेकिन अदालत ने जैसे ही राहुल गांधी खिलाफ फैसला सुनाया, ममता एकाएक राहुल के पक्ष में बोलने और केंद्र सरकार खासकर नरेन्द्र मोदी को घेरने लगीं। सवाल उठ रहा है कि ममता ने अचानक पलटी क्यों मारी?

क्या सचमुच में ममता राहुल के साथ खड़ी हैं? अगर हां, तो फिर ममता को उस कांग्रेस से परहेज क्यों है, जिसने उन्हें पहली बार सांसद और केंद्रीय मंत्री बनने का अवसर प्रदान किया था? या फिर क्या ममता राहुल के बहाने 2024 की गोटी सजाने में लगी हैं। जानकारों के एक पक्ष का मत है कि राहुल का मुद्दा उछाल कर ममता बताने की कोशिश कर रही हैं कि मोदी सरकार के इशारे पर विपक्षी दलों के नेताओं के साथ लगातार गलत हो रहा है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि ममता के सामने फिलहाल विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि अपने घर यानी पश्चिम बंगाल को बचाना उनकी सबसे बड़ी चुनौती है।

कहना गलत नहीं होगा कि अगले आम चुनाव में सूबे में तृणमूल कांग्रेस की राजनीतिक हैसियत दांव पर होगी और इसकी वजह राज्य में भाजपा का बढ़ता जनाधार तो है ही, साथ ही कांग्रेस और वाम मोर्चा की बढ़ती लोकप्रियता भी है। सागरदिघी उपचुनाव में दोनों (कांग्रेस और वाम मोर्चा) ने तृणमूल कांग्रेस को पटखनी दी है, शायद इसीलिए ममता राहुल के साथ तो जरूर दिख रही हैं, लेकिन कांग्रेस के साथ बिल्कुल नहीं। राहुल की संसद की सदस्यता रद्द किए जाने के फैसले के बाद विपक्ष के कई नेता राहुल गांधी के समर्थन में उतरे तो भाजपा के नेताओं ने कहा कि सब कुछ कानून के मुताबिक हुआ है। कहना गलत नहीं होगा कि ममता ने आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को सिरे से खारिज करना शुरू कर दिया है। ममता बनर्जी देश के कई नेताओं के साथ मिलकर तीसरे मोर्चे को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही हैं।

इस क्रम में उन्होंने हाल में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव से भी मुलाकात की थी। सपा प्रमुख ने आने वाले दिनों में विपक्षी गठबंधन के आकार लेने का भरोसा जताते हुए कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में क्षेत्रीय पार्टियां महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हालांकि, इस प्रस्तावित विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस की भूमिका पर अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस को तय करना है कि वह कहां रहे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है, और हम क्षेत्रीय दल। राहुल और कांग्रेस के मसले को लेकर ममता पर यह कहावत बिल्कुल सटीक बैठती है–'गुड़ खाए, लेकिन गुलगुले से परहेजइ।

# रिमोट ईवीएम योजना पर रोक

ईवीएम पर उठाए जा रहे सवालों को थोड़ी देर के लिए छोड़ दें तब भी आरवीएम के इस्तेमाल में कई व्यावहारिक समस्याएं हैं और उसके दुरुपयोग की विपक्षी पार्टियों की आशंका भी निराधार नहीं है।

यह अच्छी बात है कि चुनाव आयोग ने विपक्षी पार्टियों की ओर से उठाए गए सवालों पर विचार किया है और रिमोट वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को टाल दिया है। चुनाव आयोग ने पिछले साल दिसंबर में एक कांसेप्ट नोट तैयार किया था और उसे करीब 60 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियों के पास भेजा गया था। इनमें से बहुत कम पार्टियों ने आयोग को अपना रिस्पांस भेजा है। ज्यादातर बड़ी पार्टियों ने इस विचार का विरोध किया है। उनको लग रहा है कि घर से दूर प्रवासी मतदाताओं को अपने गृह क्षेत्र में वोट देने की सुविधा देने के लिए खासतौर से डिजाइन की गई इस मशीन का दुरुपयोग संभव है। वैसे भी ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर कई विपक्षी पार्टियों को बड़ी आपत्ति है और उन्होंने कई बहुत ठोस सबूतों के आधार पर अपनी आशंका चुनाव आयोग को बताई है।

**ईवीएम पर उठाए जा रहे सवालों को थोड़ी देर के लिए छोड़ दें तब भी आरवीएम के इस्तेमाल में कई व्यावहारिक समस्याएं हैं और उसके दुरुपयोग की विपक्षी पार्टियों की आशंका भी निराधार नहीं है। रिमोट वोटिंग के लिए चुनाव आयोग ने विशेष मशीन डिजाइन कराई है उसमें एक मशीन में एक से ज्यादा चुनाव क्षेत्र का बैलेट पेपर अपलोड करना होगा और यह काम हर जिले का निर्वाचन अधिकारी करेगा।**

ईवीएम पर उठाए जा रहे सवालों को थोड़ी देर के लिए छोड़ दें तब भी आरवीएम के इस्तेमाल में कई व्यावहारिक समस्याएं हैं और उसके दुरुपयोग की विपक्षी पार्टियों की आशंका भी निराधार नहीं है। रिमोट वोटिंग के लिए चुनाव आयोग ने विशेष मशीन डिजाइन कराई है उसमें एक मशीन में एक से ज्यादा चुनाव क्षेत्र का बैलेट पेपर अपलोड करना होगा और यह काम हर जिले का निर्वाचन अधिकारी करेगा। इसके लिए मशीन का इंटरनेट से जुड़ा होना जरूरी होगा। यानी आरवीएम स्टैंडअलोन मशीन नहीं होगी। इसे रिमोटली हैंडल किया जा सकेगा। दूसरी समस्या हर शहर में पोलिंग बूथ बनाने और वहां जाकर वोट डालने के लिए लोगों को प्रेरित करने की है। तीसरी समस्या यह है कि छोटी पार्टियां और निर्दलीय उम्मीदवार हर शहर में अपना पोलिंग एजेंट कैसे नियुक्त करेंगे? उनके लिए चुनाव बराबरी का मैदान नहीं रह जाएगा।

हालांकि चुनाव आयोग ने इस विचार को रद्द नहीं किया है। इसके प्रशासनिक, तकनीकी और कानूनी पहलुओं पर काम चल रहा है। आयोग को निश्चित रूप से इस पर काम करना चाहिए क्योंकि भारत सर्वाधिक घरेलू प्रवासियों वाला देश है। करोड़ों लोग अपने घरों से दूर कामकाज के लिए जाते हैं और मतदान में हिस्सा नही ले पाते हैं। चुनाव आयोग से पंजीकृत मतदाताओं में से करीब 30 करोड़ मतदाता मतदान नहीं करते हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है। इस संख्या में कुछ दोहराव भी होगा फिर भी अगर इनमें से जितने ज्यादा लोगों को मतदान में हिस्सा लेने की सुविधा दी जाए उतना अच्छा है। साथ ही चुनाव आयोग को ध्यान रखना चाहिए कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ साथ मतदान की शुचिता भी बेहद जरूरी है।

## विपक्ष में पंचायत शुरू है

विपक्षी पार्टियों का मोर्चा बनने से पहले ही बिखरने लगता है। हर बार संसद का सत्र खत्म होने के बाद एक बार बिखराव दिखता है और फिर पंचायत करके विपक्षी पार्टियों को एक किया जाता है। अभी फिर पंचायत चल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने नीतीश कुमार, एमके स्टालिन और उद्धव ठाकरे को फोन किया था, जिसके बाद सुलह सफाई का प्रयास तेज हुआ है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली पहुंचे हैं ताकि विपक्षी पार्टियों के नेताओं से बात करके भाजपा के खिलाफ एकजुट करने के लिए तैयार किया जाए। वे लालू प्रसाद से मिले हैं और उसके बाद खडग़े से भी उनकी मुलाकात हुई है। अब वे बाकी नेताओं से मिलेंगे या फोन पर बात करेंगे। बताया जा रहा है कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों के बीच पंचायत का काम नीतीश कुमार कर सकते हैं। देश की समाजवादी पार्टियों के साथ नीतीश के संबंध पुराने और अच्छे हैं। उधर अदानी समूह की जेपीसी जांच को लेकर विपक्ष की पार्टियों से अलग राय जाहिर करने वाले शरद पवार अपनी बात से पीछे हट गए हैं। उन्होंने पहले कहा था कि जेपीसी की जांच से कुछ हासिल नहीं होगा, यह मांग गलत है। लेकिन अब उन्होंने कहा है कि अगर सहयोगी पार्टियां जेपीसी जांच चाहती हैं तो उनको दिक्कत नहीं है। उन्होंने चित भी मेरी पट भी मेरी वाला खेल कर दिया है। इस घटनाक्रम के बीच मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके सहयोगी संजय राउत ने शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले से मुलाकात की। हालांकि अजित पवार का इस मीटिंग में नहीं होना भी एक खटकने वाली बात है क्योंकि वे पिछले कुछ दिनों से लगातार केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर रहे हैं। बहरहाल, पवार परिवार के अंदर की राजनीति चाहे जो हो लेकिन विपक्ष की पार्टियों के साथ एनसीपी के संबंध सुधार की कोशिश हो रही है।

## लोहे से लदे ट्रेलर ट्रक ने कई वाहनों को मारी टक्कर, आठ लोगों की मौत

**जकार्ता ,एजेंसी।** इंडोनेशिया में जावा के सेमारंग–सोलो टोल रोड पर कई वाहनों की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। बोयोलाली रीजेंसी के पुलिस अधिकारी हेर्डी प्रतामा के मुताबिक, छह लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो अन्य की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई है।

प्रातमा ने कहा, स्थानीय समयानुसार सुबह 4 बजे लोहे से लदे ट्रेलर ट्रक ने आगे चल रही मिनी बस को टक्कर मारी, फिर सड़क किनारे खड़ी छह अन्य कारों को टक्कर मारी दी। घायलों का इलाज अभी भी पास के दो अस्पतालों में चल रहा है। जांच अभी भी चल रही है। इंडोनेशिया में इस मौसम में लोग घर जाते हैं। शहरों के लोग अपने परिवारों के साथ ईद मनाने के लिए अपने गृहनगर लौटेंगे या कुछ लौट रहे हैं। परिवहन मंत्रालय का अनुमान है कि इस साल यात्रियों की संख्या 46 फीसदी बढ़कर 12.38 करोड़ हो जाएगी।

## इंडोनेशिया में चार संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**जकार्ता एजेंसी,।** इंडोनेशियाई पुलिस के डेंसस 88 आतंकवाद निरोधक दस्ते ने लामपुंग में जेमाह इस्लामिया आतंकवादी समूह से जुड़े चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। प्रिंगसेवु रीजेंसी के एक जंगल में बुधवार को की गई छापेमारी में दो अन्य संदिग्ध आतंकवादी मारे गए, जबकि डेंसस 88 का एक सदस्य भी घायल हो गया। पुलिस प्रवक्ता अश्विन सिरेगर ने गुरुवार को कहा, पुलिस ने 9 एमएम के घरेलू हथियारों सहित कुछ सबूत जब्त किए हैं।सिरेगर ने कहा, ये आतंकवादी 2002 के बाली बमबारी में जेमाह इस्लामिया के नेताओं और अभिनेता जुल्करनैन से जुड़े थे, जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गए थे।

## आंख बंद करके वाशिंगटन का अनुसरण नहीं कर सकते : यूरोपीय परिषद अध्यक्ष

**पेरिस एजेंसी,।** यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने कहा है कि यूरोपीय नेता फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के अमेरिका से दूर रणनीतिक स्वायत्तता के सिद्धांत को समर्थन कर रहे हैं। मिशेल ने बताया, अधिक से अधिक यूरोपीय संघ के नेताओं ने मैक्रों की टिप्पणियों को प्रतिध्वनित किया है कि यूरोप को अमेरिका के अनुयायी बनने के लिए दबाव का विरोध करना चाहिए। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष ने कहा है कि अमेरिका के साथ संबंधों के मुद्दे पर, यह स्पष्ट है कि यूरोपीय परिषद के पटल पर बारीकियां और संवेदनशीलता हो सकती है। मुझे लगता है कि बहुत से लोग वास्तव में इमैनुएल मैक्रों की तरह सोचते हैं।

## दर्दनाक हादसा! डेयरी फार्म में लगी भीषण आग, 18 हजार से अधिक गायों की मौत

**टेक्सास एजेंसी,।** एक विस्फोट में 18,000 से अधिक गायों के मरने की खबर आ रही है। यह दुर्घटना साउथफॉर्क की है, यहां एक डेयरी फार्म में आग लग गई। इसके कारण वहां एक जबरदस्त धमाका हुआ। अमेरिका के इतिहास में खेतों में लगने वाली यह सबसे बड़ी घटना है। आग लगने का कारण अभी भी पता नहीं चला है। खेत के मालिक या उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।कास्त्रो काउंटी शेरिफ के ऑफिस ने इस घटना की तस्वीरें पोस्ट की है। आग की लपटें एक इमारत से होते हुए पूरे इलाके में दिखाई दे रही हैं। शेरिफ के कार्यालय का कहना है कि दमकलकर्मियों ने एक व्यक्ति को बचा लिया है।

# "बाबा साहब अम्बेडकर यात्रा" भारत गौरव पर्यटक ट्रेन शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**दिल्ली :** भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन "बाबा साहब अम्बेडकर यात्रा" को शुक्रवार को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने बाबा साहब अम्बेडकर के द्वारा दलितों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के अधिकारों तथा उनके सामाजिक उत्थान में बाबा साहब के योगदान पर प्रकाश डाला। श्री रेड्डी ने कहा कि इस रेलगाड़ी से पर्यटक 8 दिनों की अपनी यात्रा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन और बुद्ध की विरासत से जुड़े स्थलों का भ्रमण करेंगे। यह रेलगाड़ी भारत की 'देखो अपना देश'' अवधारणा को पूरा करती है। 7 रातों और 8 दिनों की यात्रा वाली यह भारत गौरव टूरिस्ट रेलगाड़ी दिल्ली से प्रस्थान करने के बाद अपने पहले पड़ाव पर बाबा साहब की जन्मस्थली (भीम जन्मभूमि)




बाबा साहब अम्बेडकर यात्रा'' भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए केंद्रीय मंत्री।

### 600 पर्यटक कर सकेगें यात्रा

10 वातानुकूलित 3 टीयर के डिब्बों वाली इस "बाबा साहब अम्बेडकर यात्रा" पर्यटक रेलगाड़ी में 600 पर्यटक यात्रा कर सकेंगे। इस पर्यटक ट्रेन में पैंट्री कोच की सुविधा होगी जो यात्रियों को शाकाहारी भोजन परोसेगी। इसके साथ ही पर्यटकों को यात्रा बीमा, रेलगाड़ी में सुरक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी।

### 21,650 रूपये से शुरू होगा किराया

"बाबा साहब अम्बेडकर यात्रा" भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन की शुरूआत घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की पहल "देखो अपना देश" के अनुरूप है। इस रेलगाड़ी में प्रति व्यक्ति किराये की शुरूआत 21,650 रुपए से होगी। इस किराये में वातानुकूलित 3 टीयर में यात्रा सुविधा, होटलों में रात्रिकालीन ठहराव, शाकाहारी भोजन शामिल होगा। पर्यटकों के लिए बसों द्वारा दर्शनीय स्थलों के भ्रमण के साथ-साथ गाइड की सेवाएं तथा यात्रा बीमा की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यात्रा की पूरी अवधि के दौरान रेलवे टीम स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबधी सभी प्रोटोकॉल का ध्यान रखेगी एवं यात्रियों को सुरक्षित व चिंता मुक्त अनुभव देने का प्रयास करेगी।

◆हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से झंडी दिखाकर किया रवाना

◆सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री और संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ने झंडी दिखाकर रवाना किया

मध्य प्रदेश के डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) पहुंचेगी। इसके पश्चात यह रेलगाड़ी नागपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना होगी जहां पर्यटक नवयान बौद्ध धर्म के एक प्रतिष्ठित स्मारक दीक्षा भूमि का भ्रमण करेंगे। वहां से रेलगाड़ी सांची के लिए प्रस्थान करेगी। सांची में प्रसिद्ध सांची स्तूप और अन्य बौद्ध स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। सांची के पश्चात यह रेलगाड़ी अपने अगले गंतव्य वाराणसी जाएगी, जहां पर्यटक सारनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिर को देख सकेंगे। इस रेलगाड़ी का अगला और अंतिम गंतव्य गया रेलवे स्टेशन होगा, जहां पर्यटकों को बोधगया के पवित्र स्थल ले जाया जाएगा और वे महाबोधि मंदिर व अन्य मठों को देख सकेंगे। सड़क मार्ग द्वारा अन्य महत्वपूर्ण बौद्ध स्थलों राजगीर और नालंदा का भी भ्रमण कराया जाएगा। यह टूर अंत में नई दिल्ली आकर समाप्त होगा। पर्यटकों को दिल्ली, मथुरा और आगरा छावनी रेलवे स्टेशनों से रेलगाड़ी में बैठने/उतरने की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, आईआरसीटीसी की मुख्य प्रबंध निदेशक श्रीमती रजनी हसीजा, दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक डिम्पी गर्ग और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## अमेरिका की जासूसी से गुटेरेस हैरान नहीं, रूस के प्रति नरम रुख से किया इन्कार : प्रवक्ता

**संयुक्त राष्ट्र , एजेंसी।** महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की अमेरिका द्वारा जासूसी करना उनके लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है, लेकिन वह निजी बातचीत को तोडऩे–मरोडऩे और उन्हें सार्वजनिक करने के बारे में चिंतित हैं। यह बात उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कही।

उन्होंने लीक हुए अमेरिकी दस्तावेजों में दर्ज इस बात को खारिज कर दिया कि वाशिंगटन रूस पर गुटेरेस को नरम मानता है। दस्तावेजों में कहा गया है कि गुटेरेस के बारे में अमेरिकी अधिकारियों की राय संचार या जासूसी पर आधारित है।

दुजारिक ने कहा, महासचिव किसी एक देश या किसी अन्य पर नरम नहीं हैं। यूक्रेन में संघर्ष पर, वह अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के बारे में बहुत स्पष्ट हैं। जासूसी के बारे में उन्होंने कहा कि गुटेरेस काफी समय से राजनीति में हैं और एक सार्वजनिक शख्सियत हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उन्हें इस बात से कोई आश्चर्य नहीं है कि लोग उनकी जासूसी कर रहे हैं और उनकी निजी बातचीत सुन रहे हैं।

फोन टैपिंग के बारे में रहस्योद्घाटन गुटेरेस के लीक हुए दस्तावेजों से हुआ है। इसमें दिखाया गया है कि अमेरिका इजराइल और दक्षिण कोरिया जैसे अपने सहयोगियों की जासूसी कर रहा है। सोशल मीडिया, ट्विटर, टेलीग्राम और डिस्कोर्ड पर गुप्त अमेरिकी दस्तावेज पोस्ट किए गए थे।

न्याय विभाग के अनुसार दस्तावेजों को लीक करने वाला 21 वर्षीय जैक टेक्सेरा है, जो मैसाचुसेट्स एयर नेशनल गार्ड का सदस्य है, जो भारत में प्रादेशिक सेना के समकक्ष एक संगठन है। उसे गिरफ्तार किया गया था और अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा कि उस पर रक्षा जानकारी को हटाने या प्रसारित करने का आरोप लगाया जाना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दस्तावेजों में दावा किया गया है कि गुटेरेस ने काला सागर अनाज समझौते की रक्षा करने को प्राथमिकता दी है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने तुर्की के साथ मिलकर यूक्रेन से खाद्यान्न निर्यात की अनुमति देने के लिए रूस के साथ किया है। यह सौदा कुछ विकासशील देशों में खाद्य पदाथी की कमी को दूर करने के लिए किया गया है, जो यूक्रेनी खाद्यान्न पर निर्भर हैं और अंतरराष्ट्रीय खाद्य कीमतों को स्थिर करते हैं।

दुजारिक ने कहा, हमारे प्रयास दुनिया के सबसे गरीब लोगों पर युद्ध के प्रभाव को कम करने के लिए हैं।

## पीएम ने असम को दी 14,300 करोड़ की सौगात, गुवाहाटी एम्स का किया उद्घाटन

**गुवाहाटी एजेंसी, ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में पूर्वोत्तर क्षेत्र के पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का उद्घाटन करते हुए पिछली सरकारों पर देश के स्वास्थ्य ढांचे के उत्थान के लिए बहुत कम प्रयास करने का आरोप लगाया। इस अवसर पर मोदी ने कहा, पहला एम्स 1950 के दशक के दौरान दिल्ली में बनाया गया था। हर कोने से लोग इलाज के लिए एम्स दिल्ली गए, लेकिन किसी भी सरकार ने पूरे देश में एम्स परिसर स्थापित करने की आवश्यकता नहीं समझी। एम्स 1120 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसके अलावा पीएम ने असम को 14300 करोड़ रुपये की सौगात दी।

उन्होंने कहा, यह अटल बिहारी वाजपेयी सरकार थी, जिसने अन्य शहरों में एम्स बनाने की पहल की। 2004 में वाजपेयी की सरकार के जाने के बाद, मोदी ने कहा कि परियोजनाएं रुकी हुई थीं, और 2014 के बाद, जब केंद्र में भाजपा सत्ता में आई, तो देश भर में एम्स की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो गई। उन्होंने कहा, हमने 15 एम्स परिसरों का निर्माण शुरू किया, और आज उनमें से कम से कम 50 प्रतिशत से अधिक कार्यात्मक हैं। उन संस्थानों में चिकित्सा पाठ्यक्रमों का शिक्षण और उपचार प्रदान करना शुरू हुआ।

प्रधान मंत्री ने गुवाहाटी में स्टेट ऑफ द आर्ट हॉस्पिटल की नींव रखने के साथ ही असम में तीन नए मेडिकल कॉलेजों का भी उद्घाटन किया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मोदी ने दावा किया कि पिछली सरकारों के गलत नीतियों की वजह से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली चरमरा गई थी। उनके अनुसार, देश ने पहले चिकित्सा पेशेवरों की भारी कमी का अनुभव किया था।

मोदी ने उल्लेख किया, 2014 से पहले, देश में केवल 150 मेडिकल कॉलेज थे। पिछले नौ वर्षों में, भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने उस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया है, और हमने 300 नए मेडिकल कॉलेज बनाए हैं। अब एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में एक लाख से अधिक सीटें हैं।

## चुनाव आयोग के फैसले के बाद अब सरकार की कार्रवाई, एनसीपी और सीपीआई को खाली करना होगा दिल्ली वाला बंगला

**नई दिल्ली एजेंसी,।** चुनाव आयोग ने हाल ही में राजनीतिक दलों के स्टेटस को लेकर नए नोटिफिकेशन जारी किए। इसमें आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला है। वहीं, सीपीआई और एनसीपी जैसे दलों से यह दर्ज छीन लिया गया। चुनाव आयोग के फैसले के बाद अब सरकार भी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, केंद्र सरकार सीपीआई और एनसीपी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खो देने के बाद उन्हें आवंटित बंगलों को खाली करने के लिए कह सकती है। इसके अलाना तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को भी अब राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी ऑफिस खोलने के लिए आवंटित भूमि पर अधिकार गंवाना पड़ सकता है।सूत्रों ने कहा है कि एनसीपी कई जगहों को देखने के बाद भी नई दिल्ली में पार्टी कार्यालय के लिए जमीन तय नहीं कर सकी थी। वहीं, टीएमसी को दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर 1,008 वर्ग मीटर की जमीन दी गई थी। हालांकि, ममता बनर्जी की पार्टी ने दो मंदिरों के अतिक्रमण का हवाला देते हुए आपत्ति जताया था।

## अतीक और अशरफ को लेकर रवाना हुई पुलिस, कौशांबी या फतेहपुर लाया जा सकता है

**उत्तर प्रदेश , एजेंसी।** उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे पांच लाख के इनामी अतीक के बेटे असद अहमद और शूटर गुलाम को गुरुवार को एसटीएफ ने एनकाउंटर में मार गिराया। असद के शव का पोस्टमार्टम हो चुका है और अभी तक उसका शव लेने कोई नहीं पहुंचा। वहीं एसटीएफ ने झांसी के बड़ागांव से दो लोगों को हिरासत में लिया है । पढ़ें इस मामले में दिनभर होने वाले अपडेट्स...

अतीक अहमद और अशरफ को प्रयागराज से लेकर पुलिस रवाना हो गई है। पुलिस दोनों को कौशांबी या फतेहपुर लेकर जा सकती है। वहीं दोनों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस दोनों को अलग–अलग ला रही है।

माफिया अतीक अहमद के बेटे असद का शव कल दफनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि असद का शव देर रात प्रयागराज पहुंचेगा।सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा है असद अहमद के एनकाउंटर पर कहा है कि, देश में कानून का राज है और यूपी में फर्जी मुठभेड़ हो रहे हैं। यूपी में



कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में अतीक की रिमांड कॉपी में लिखी बातें सामने आ रही हैं। इसमें बताया जा रहा है कि अतीक ने कबूल कर लिया है कि उसी ने जेल में बैठकर हत्या की साजिश रची थी। उसने शाइस्ता को भी नया मोबाइल और सिम लेने को कहा था। इसके साथ ही दावा किया जा रहा है कि अतीक ने कहा है कि उमेश पाल के अंगरक्षकों पर जो हमला हुआ उसकी पहले से तैयारी कर ली गई थी। यह पहले से तय था कि पहले गनर को गोली मारी जाएगी फिर उमेश पाल को। अशरफ और अतीक को पुलिस कौशांबी, फतेहपुर और प्रयागराज के कई स्थानों पर भी पूछताछ के लिए ले जा सकती है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, पहले दिन से इखढ चुनाव को देखते हुए एनकाउंटर कर रही है। मैं इखढ से पूछना चाहता हूं कि जिन अधिकारियों ने एक ब्राह्मण मां–बेटी पर बुलडोजर चलाया उन्हें क्यों नहीं मिट्टी में मिलाया?...क्या आज का भारत यह है कि कमजोर की जान ले लें? क्या संविधान में जो अधिकार है वो नहीं मिलेंगे?

यूपी एसटीएफ ने एनकाउंटर की एफआईआर दर्ज कराई है और बताया है कि उन्हें मुखबिरों से असद के होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर जब एसटीएफ की टीम ने असद और गुलाम को घेरा तो वह दोनों नहीं रुके और उनकी बाइक झाड़ियों में फंस गई। वहां से दोनों ने कई राउंड फायरिंग की तो पुलिस को भी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इसी दौरान असद और गुलाम को गोली लग गई और दोनों मारे गए।

यूपी एसटीएफ गुड्डू मुस्लिम से कनेक्शन के चलते सीतश पांडेय से पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि सतीश पांडेय ने ही गुड्डू मुस्लिम को पनाह देते हुए छिपने में मदद की थी।

असद और गुलाम के शव परिजनों को झांसी में नहीं सौंपे जाएंगे। पुलिस अपनी निगरानी में इनके शव प्रयागराज लेकर जाएगी, जहां पुलिस की निगरानी में ही इन्हें सुपुर्दे–खाक किया जाएगा।

एनकाउंटर में मारे गए असद का शव उसके दादा की कब्र के पास दफनाया जाएगा। एनकाउंटर की सूचना के बाद पुश्तैनी आवास पर लोगों की भीड़ जुट गई। सगे संबंधियों के आने का क्रम देर रात तक चलता रहा। इस बीच मौके पर पुलिस भी पहुंची, थोड़ी देर पूछताछ के बाद पुलिस लौट गई।

अतीक के करीबी रिश्तेदारों ने बताया कि असद के शव को झांसी से लाने के बाद पुश्तैनी घर पर रखा जाएगा। इसके बाद 120 फीट रोड स्थित कसारी मसारी काब्रिस्तान में दादा की क्रब्र के पास उसे दफनाया जाएगा। उमेश पाल हत्याकांड में घर के लोगों के वांछित होने के कारण नाना और मौसा ही कब्रिस्तान में उसके शव को सुपुर्दे खाक की रस्म को पूरा कराएंगे।

### उधमपुर में बैसाखी मेले के दौरान बड़ा हादसा

# चिनैनी में टूटा पुल, 50 से ज्यादा लोग घायल

**चिनैनी , एजेंसी।** जम्मू संभाग के जिला उधमपुर बैसाखी के पर्व पर बड़ा हादसा हो गया है। जिले के चिनैनी में बैसाखी मेले के दौरान पुल टूट गया। देविका और तवी नदी के संगम स्थल बैनी संगम में बैसाखी का मेला आयोजन किया गया था। यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे।

इस दौरान देविका नदी पर बना लोहे का पुल क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। आनन–फानन घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। एसएसपी उधमपुर डॉ. विनोद ने बताया कि पुलिस और अन्य बचाव दल मौके पर हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।



इससे पहले गुरुवार को पुंछ के गांव खनेतर में एक पशुशाला के छत गिरने से 35 महिलाएं घायल हो गईं हैं। लोगों ने उन सभी घायलों को राजा सुखदेव सिंह जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां तीन महिलाओं का गंभीर चोटें आने के कारण उपचार जारी है। जबकि, बाकी सभी महिलाओं को मरहम पट्टी कर देर शाम तक घर भेज दिया गया। हादसे का पता चलते ही उपायुक्त इन्द्रजीत, तहसीलदार अंजुम बशीर खटक और एसएचओ रंजीत सिंह राव भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हाल जाना।

जानकारी के अनुसार खनेतर निवासी रफीक हुसैन शाह का पुत्र रिफत करीब एक महीने से किसी गंभीर रोग से पीड़ित था। उसका उपचार कश्मीर के एक अस्पताल में चल रहा था। बुधवार दोपहर उपचार के दौरान उसका निधन हो गया था। वीरवार आज सुबह चार बजे उसका शव घर लाया गया तो रिश्तेदारों एवं ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। इस बीच दोपहर करीब 11 बजे जब रिफत का जनाजा निकाला तो पुरुष जनाजे के साथ चल दिए। ऐसे में घर में मौजूद सैकड़ों महिलाएं घर के आगे स्थित पशुशाला के लिंटर पर जनाजा देखने जमा हो गईं। पशुशाला का लिंटर पुराना एवं कच्चा था तो एक साथ अधिक भार पड़ने से भरभरा कर गिर गया। इससे लिंटर पर मौजूद महिलाएं एक के ऊपर गिरीं।

## कोविड की वापसी, स्कूल–ऑफिस और सार्वजनिक जगहों पर मास्क लगाना जरूरी

**नई दिल्ली एजेंसी,।** देश में एक बार फिर तेजी के साथ कोरोना के केस सामने आ रहे हैं। राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां पिछले 24 घंटे के दौरान 1527 नए मामले सामने आए हैं। राजधानी में बढ़ते कोविड केसों को देखते हुए एनसीआर में आने वाले नोएडा में एक बार फिर मास्क अनिवार्य कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले की सभी सार्वजनिक जगहों, स्कूल, ऑफिस, कॉलेज, शॉपिंग मॉल में मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है और सामाजिक दूरी के नियम का पालन करने की हिदायत दी है।

इसी के ही साथ रेलवे और बस स्टेशन के गेट पर सभी यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि अगर किसी व्यक्ति में सर्दी, जुखाम और बुखार के लक्षण दिखाई देते हैं तो वो मरीज को चरंटीन हो जाए।

## कानून के आकांक्षी से कानून तोड़ने तक, 47 दिनों में बदल गई असद की जिंदगी

**प्रयागराज एजेंसी।** 19 साल की आयु में, वह अपने हम उम्र किसी भी युवा की तरह कानून में करियर बनाना चाहता था। लेकिन नियति में कुछ और ही था।

गैंगस्टर अतीक अहमद का तीसरा बेटा असद, कानून की दहलीज को पार कर राज्य में सबसे बड़ा वांछित अपराधी बन गया। उसके सिर पर पांच लाख रुपये का इनाम हो गया और गुरुवार को 47 दिन के भीतर उसका खूनी अंत हो गया। इस साल 24 फरवरी से पहले असद का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था। इसी दिन उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा और प्रयागराज में वकील उमेश पाल और उनके दो पुलिस गार्डरें की अपने साथियों के साथ दिन दहाड़े हत्या कर सनसनी फैला दी।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक असद के बड़े भाई अली पर चार व उमर पर एक मामला दर्ज है। उसके पिता अतीक के खिलाफ 102 आपराधिक मामले दर्ज हैं और चाचा खालिद अजीम उर्फ अशरफ के खिलाफ 50 मुकदमें हैं।

भाइयों में आलसी माने जाने वाले असद ने पिछले साल लखनऊके एक प्रतिष्ठित स्कूल से इंटरमीडिएट (12वीं) की परीक्षा पास की थी।

ज्यादातर समय लखनऊ में रहने वाला असद अपने पिता के कारोबार और अंडरवर्ल्ड की गतिविधियों से दूर रहता था।

असद उच्च अध्ययन के लिए देश से बाहर जाना चाहता था, लेकिन उसके परिवार की आपराधिक पृष्ठभूमि के कारण उसका पासपोर्ट नहीं बन सका। फिलहाल वह एलएलबी कोर्स में एडमिशन की तैयारी कर रहा था।उसकी शादी भी उसकी बुआ आयशा नूरी की बेटी से तय हो गई है। नूरी अभी फरार है, जबकि उसका पति अखलाक जेल में है।

सूत्रों के मुताबिक पिता अतीक की फटकार ने असद को उस टीम का नेतृत्व करने के लिए मजबूर कर दिया, जिसने 24 फरवरी को एक हमले में उमेश पाल को मार डाला। पुलिस मुठभेड़ में अपने बेटे की मौत से आहत अतीक ने गुरुवार रात प्रयागराज जेल में जेल अधिकारियों से कहा कि, असद की मौत के लिए मैं जिम्मेदार हूं।विडंबना यह है कि परिवार के सबसे प्यारे बच्चे को शुक्रवार को उसके परिजनों की अनुपस्थिति में सुपुर्दे खाक कर दिया जाएगा। असद के परिवार के अधिकतर सदस्य या तो जेल में हैं, या फरार हैं।

# विश्व ट्रायथलॉन में वापसी करेंगे रूसी, बेलारूसी एथलीट




मैड्रिड । विश्व ट्रायथलॉन ने रूसी और बेलारूसी एथलीटों पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के दिशानिर्देश का समर्थन करते हुए कहा है कि दोनों देशों के खिलाड़ी तटस्थ रूप से उसके आयोजनों में हिस्सा ले सकेंगे।

विश्व शासी निकाय ने कहा कि वह दोनों देशों के एथलीटों को अपनी प्रतियोगिताओं में लाने के लिये समीक्षा प्रक्रिया पर काम कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि आईओसी ने पिछले हफ्ते रूस और बेलारूस के एथलीटों को तटस्थ ध्वज के नीचे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लौटाने की सिफारिश जारी की थी। पिछले साल यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद आईओसी एवं अन्य खेल निकायों ने दोनों देशों के एथलीटों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था।

विश्व ट्रायथलॉन ने एक बयान में कहा, आईओसी की सिफारिश और ओलंपिक चार्टर के सिद्धांतों के बाद मार्च 2022 की शुरुआत में विश्व ट्रायथलॉन आयोजनों में भाग लेने वाले सभी एथलीटों की सुरक्षा की गारंटी के लिए प्रतिबंध लगाए गए थे।

बयान में कहा गया, आज का निर्णय रूसी और बेलारूसी पासपोर्ट रखने वाले तटस्थ खिलाड़ियों के साथ–साथ दोनों देशों के अधिकारियों को खेलों में प्रवेश करवाने की खातिर लिया गया था।

टेबल टेनिस, तैराकी, तलवारबाजी, जूडो और तायचंडो के विश्व निकाय पहले ही रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को तटस्थ ध्वज के नीचे अपने आयोजनों में शामिल करने के लिये राज़ी हो गये हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ ने प्रतिबंध को बरकरार रखा है।

निकाय ने कहा, विश्व ट्रायथलॉन आईओसी और एसोसिएशन ऑफ़ समर ओलंपिक इंटरनेशनल फ़ेडरेशन के साथ काम कर रहा है ताकि किसी भी एथलीट या किसी आयोजन में भाग लेने की खातिर दोनों देशों के अधिकारियों के लिये आवश्यक स्वतंत्र समीक्षा प्रक्रिया तैयार की जा सके।विश्व ट्रायथलॉन चैंपियनशिप श्रृंखला मई 2023 में जापान के योकोहामा में शुरू होगी।आईओसी बाद में 2024 के खेलों में रूसी और बेलारूसी एथलीटों की भागीदारी पर एक अलग निर्णय लेगा, जबकि यूक्रेन ने कहा है कि अगर रूसी खिलाड़ी ओलंपिक में हिस्सा लेते हैं तो वह खेलों का बहिष्कार करेगा।

# रोमांचक मुकाबले में गुजरात की जीत



मोहाली । गुजरात टाइटन्स ने गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद शुभमन गिल (49 गेंद, 67 रन) के शानदार अर्द्धशतक की बदौलत पंजाब किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में छह विकेट से मात दी।

पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात के सामने 154 रन का लक्ष्य रखा, जिसे गत चैंपियन ने एक गेंद रहते हुए हासिल किया।

मोहाली में इस छोटे स्कोर का रक्षण आसान नहीं था लेकिन पंजाब के गेंदबाजों ने अपने दमदार प्रदर्शन से मुकाबले को रोमांचक बनाया। गुजरात को जब आखिरी ओवर में सात रन की जरूरत थी तब सैम करेन ने पहली गेंद पर सिर्फ एक रन देने के बाद दूसरी गेंद पर गिल को बोल्ड कर दिया। राहुल तेवतिया और डेविड मिलर तीसरी एवं चौथी गेंद पर एक–एक रन ही ले सके, लेकिन तेवतिया ने अविश्वसनीय धीरज का प्रदर्शन किया और पांचवीं गेंद को फाइन लेग की ओर स्कूप करके गुजरात को जीत दिलाई।

गुजरात चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गयी है, जबकि पंजाब चार मैचों में दो जीत और दो हार के साथ छठे स्थान पर है।

गुजरात के लिये पारी की शुरुआत करने उतरे ऋद्धिमान साहा ने ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए तीसरे ओवर में पंजाब के शीर्ष गेंदबाज अर्शदीप सिंह के विरुद्ध 18 रन जोड़े। साहा ने 19 गेंद पर पांच चौके लगाकर 30 रन बनाये लेकिन आक्रमकता के साथ खेलने के प्रयास में कागिसो रबाडा की बाउंसर को डीप बैकवर्ड स्क्वेयर के हाथों में मार बैठे।

गुजरात साहा का विकेट गिरने के बाद पावरप्ले में 56 रन बनाने में सफ़ल रही और रनगति धीमी पड़ने पर भी गिल ने पारी को संभाले रखा। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ दूसरे विकेट के लिये 41 रन की साझेदारी भी की। गिल ने 40 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा किया, हालांकि साई सुदर्शन (20 गेंद, 19 रन) और हार्दिक पांड्या (11 गेंद, आठ रन) बड़ा योगदान दिये बिना पवेलियन लौट गये।

पंजाब ने चौके–छक्के रोककर गुजरात की पारी को काबू में रखा था लेकिन गिल का विकेट न ले पाना उनके लिये भारी साबित हुआ। गुजरात को जब तीन ओवर में 25 रन की जरूरत थी तब गिल ने रबाडा को एक छक्का और एक चौका लगाकर 12 रन बटोरे। पंजाब ने हालांकि यहां से भी मैच को रोमांचक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अर्शदीप ने 19वें ओवर में मात्र छह रन दिये, जिसके बाद गुजरात आखिरी ओवर में जीत से सात रन दूर थी। करेन ने शुरुआती दो गेंद पर मात्र एक रन देकर एक विकेट भी चटकाया। उन्होंने अगली दो गेंदों पर दो अचूक यॉर्कर फेंकीं, लेकिन तेवतिया ने पांचवीं गेंद को घुटनों पर बैठकर फाइन लेग की दिशा दिखा दी। गेंद फील्डर को चकमा देते हुए सीमा रेखा की ओर चली गयी और गुजरात ने जीत दर्ज की।

पंजाब के लिये हरप्रीत बराड़ ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में मात्र 20 रन देकर एक विकेट लिये। पहले ओवर में 18 रन देने के बाद अर्शदीप ने कसी हुई गेंदबाजी की और चार ओवर में एक विकेट चटकाते हुए मात्र 33 रन दिये। कागिसो रबाडा ने चार ओवर में एक विकेट लेकर 36 रन दिये।इससे पूर्व, गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और मोहम्मद शमी ने पहले ही ओवर में प्रभसिमरन सिंह को आउट करके टीम को मज़बूत शुरुआत दी। कप्तान शिखर धवन ने दबाव हटाने के लिये दो चौके लगाये लेकिन जोशुआ लिटिल ने उन्हें आठ रन पर पवेलियन लौटा दिया।

दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गिरने के बावजूद मैथ्यू शॉर्ट ने आक्रमकता का प्रदर्शन किया और पंजाब को पावरप्ले में 52/2 के स्कोर तक पहुंचाया।

शॉर्ट ने 24 गेंद पर छह चौके और एक छक्का लगाकर 36 रन बनाये लेकिन कोई बड़ा प्रभाव डालने से पहले राशिद खान का शिकार हो गये। राशिद ने मध्य ओवरों में स्पिन का अच्छा मिश्रण करते हुए रनगति पर लगाम लगायी। गुजरात के लिये डेब्यू कर रहे मोहित शर्मा ने उनका बखूबी साथ दिया और जितेश शर्मा (23 गेंद, 25 रन) का महत्वपूर्ण विकेट भी निकाला।पंजाब ने 15 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर मात्र 99 रन बनाने के बाद अंतिम ओवरों में हाथ खोलने चाहे और इस प्रयास में उनके विकेट भी गिरते रहे। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये भानुका राजपक्षे 26 गेंद पर 20 रन बनाने के बाद अल्ज़ारी जोसेफ़ का शिकार हो गये।

# गेंदबाजों की चोट को लेकर चिंतित फ्लेमिंग

चेन्नई । राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बीती रात मिली तीन रन की रोमांचक हार के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सहित उनकी टीम में चोटिल खिलाड़ियों की बढ़ती पर चिंता जताई है।

धोनी जहां सीजन की शुरुआत के पहले से ही घुटने की चोट से जूझ रहे हैं, वहीं सुपर किंग्स से इसी साल जुड़े दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज सिसांदा मगाला की दो उंगलियों के बीच का मांस राजस्थान के खिलाफ फील्डिंग करते हुए फट गया है।फ्लेमिंग ने हालांकि धोनी को पहले से तैयारी करने और खुद को मैच फिट रखने के लिये उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की क्योंकि धोनी आईपीएल के अलावा किसी और टूर्नामेंट में शामिल नहीं होते हैं।

फ्लेमिंग ने कहा, वह (धोनी) घुटने की चोट से जूझ रहे हैं जिसे आप फील्ड पर उनके प्रदर्शन में भी देख सकते हैं। वह फिटनेस के मामले में शुरू से ही पेशेवर रहे हैं। वह मैच फॉर्म में वापसी के लिये काफी मेहनत करते हैं और मुझे लगता है कि उनके प्रदर्शन से आपको भी लगता होगा कि वह काफी अच्छा खेल रहे हैं। वह हमेशा खुद को तेज और आगे रखते है।

चेन्नई ने 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर में सिर्फ 122 रन बनाये थे, लेकिन धोनी और रवींद्र जडेजा ने आखिरी तीन ओवरों में जोरदार संघर्ष किया। चेन्नई को जब पांच गेंद में 21 रन बनाने थे, तब धोनी ने दो गेंद पर दो छक्के जड़े लेकिन संदीप शर्मा ने अंतिम तीन गेंदों पर तीन यॉर्कर डालकर राजस्थान को तीन रन की जीत दिला दी।

चेन्नई को 2013 (मुंबई इंडियंस) के बाद पहली बार चेपौक पर हार मिली। फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि राजस्थान ने चेन्नई के विरुद्ध उसी की योजना का इस्तेमाल करके यह जीत हासिल की। रविचंद्रन अश्विन (25/2) और युज़वेंद्र चहल (27/2) की स्पिन जोड़ी ने मध्य ओवरों में रनगति पर लगाम लगाते हुए इस योजना में अहम भूमिका निभाई।

फ्लेमिंग ने कहा, उनके पास विश्व स्तरीय स्पिनर हैं। (रवि) अश्विन, (युज़वेंद्र) चहल और (ऐडम) ज़ैम्पा ने एक तरह से चेन्नई के प्रदर्शन के खाके का इस्तेमाल किया। हमें पता था कि यह इतना ही मुश्किल होने वाला है। मुकाबला करीब आया, लेकिन हम लक्ष्य का पीछा करने में वास्तव में पीछे रह गये। अंत में अच्छी बल्लेबाजी ने हमें भल ही करीब ला दिया, लेकिन हमने मध्यक्रम में गति खो दी थी।

फ्लेमिंग ने चेन्नई की खराब फील्डिंग को भी टीम की बड़ी कमजोरी बताया। चेन्नई ने पहली पारी में देवदत्त पडिक्कल (38) और अश्विन (30) के कैच छोड़े थे और दोनों ने राजस्थान के लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उन्होंने कहा, मैदान में ज़्यादा नमी होने के कारण कुछ कैच छूट गये। वैसे तो ये छोटी चीज़ें हैं लेकिन एक कड़ी प्रतियोगिता में इस तरह की छोटी चीजें परिणाम निर्धारित करती हैं।'

फ्लेमिंग ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ अपने अगले मैच से पहले चेन्नई टीम प्रबंधन को कई चयनों और चोटों के सिरदर्द से उबरना होगा।

फ्लेमिंग ने कहा, मगाला की हथेली का मांस फट गया था, इसलिए वह आखिरी दो ओवर फेंकने में असमर्थ रहे। पिछले मैच में दीपक चाहर के साथ भी ऐसा ही हुआ था, इसलिए हम काफी कम संसाधनों पर काम कर रहे हैं। लेकिन हमें बस समाधान खोजने की जरूरत है। हमें अगले चार दिनों में कुछ अच्छा करना होगा। गेंदबाजों की चोटें एक चिंता का विषय है।

## नोएडा ने स्टेट बैंक को फुटबॉल का पाठ पढ़ाया

नयी दिल्ली ,। नोएडी सिटी एफसी ने फुटबॉल दिल्ली बी–डिवीजन लीग में एकतरफा मुकाबले में स्टेट बैंक को 14 गोलों से रौंद डाला।

विजेता टीम के पीयूष भंडारी को श्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान मिला।

नेहरू स्टेडियम पर खेले गये एक अन्य मैच में मैन ऑफ द मैच अनुज रावत के शानदार खेल से उत्तरांचल हीरोज ने ग्रोइंग स्टार को 5–0 से परास्त किया।

अंबेडकर स्टेडियम पर कोलंबस यंगस्टर्स ने वॉरियर्स एफसी पर 3–1 की जीत दर्ज की। दिन के दूसरे मुकाबले में गढ़वाल एफसीडब्ल्यू ने ग्लोरियस को 3–0 से हराया।

कोलंबस की जीत के हीरो दीपक चौधरी रहे, जिन्होंने दर्शनीय हैट्रिक जमाई। पराजित टीम का गोल अमित ने किया। गढ़वाल के लिये रोहित रावत ने दो गोल बनाये।

# पांच मई से दोहा में डायमंड लीग खिताब का बचाव करेंगे नीरज




नयी दिल्ली ,। भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट और गत डायमंड लीग चैंपियन नीरज चोपड़ा पांच मई से डायमंड लीग सीरीज की दोहा मीट में अपने खिताब की रक्षा शुरू करेंगे।टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज के अलावा ग्रेनाडा के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और चेक गणराज्य के ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट जाकूब वाडलेज भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।नीरज ने विश्व एथलेटिक्स से कहा, इस गर्मी के लिये मेरा लक्ष्य एशियाई खेलों के साथ–साथ विश्व चैंपियनशिप और मेरे वांडा डायमंड लीग खिताब की रक्षा करना है। मैं 90 मीटर के निशान के करीब भी पहुंच रहा हूं, इसलिए मेरे लिये उस निशान को पार करना बहुत मायने रखता है।विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने 2022 में डायमंड लीग चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया था, हालांकि वह दोहा मीट में हिस्सा नहीं ले सके थे।आगामी कार्यक्रम एथलेटिक्स प्रशंसकों के लिये रोमांचक होगा क्योंकि पिछले दोहा आयोजन के विजेता पीटर्स (93.07 मीटर) और वाडलेज (90.88 मीटर) ने अपना–अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ पिछले साल इसी आयोजन में दिया था।शीर्ष तीन एथलीटों से सजे आयोजन को और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिये यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर, केशोर्न वालकोट और जूलियस येगो भी दोहा मीट में हिस्सा लेंगे।

# फिल्मी सफर

## मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी की फिल्म बैड बॉय का ट्रेलर जारी, 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में होगी रिलीज



जाने–माने निर्देशक राजकुमार संतोषी मौजूदा वक्त में बैड बॉय को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म ने 28 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों को रिलीज होगी। अब निर्माताओं ने बैड बॉय का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक इस फिल्म के लिए उत्साहित हो गए हैं। फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है जो एक मध्यवर्गीय लड़के और एक उच्च शिक्षित लड़की के बीच की प्रेम कहानी के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसके परिवार में सख्त पारंपरिक मूल्य हैं।

ट्रेलर की शुरूआत ही एक जबरदस्त सॉन्ग के साथ होती है। इसके बाद प्यार में पड़े दो लव बर्ड्स के साथ रहने के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए नमाशी चक्रवर्ती ने कहा, मैं बैड बॉय के साथ शुरुआत करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं। मेरा किरदार रघु, जो एक बेपरवाह बिंदास का किस्म का लड़का है। जिससे मैं पर्सनली बेहद कनेक्टेड फील करता हूं। हमने दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए फिल्म में खूब मेहनत की है।

अमरीन ने कहा, न्यूकमर के रूप में, बैड बॉय के साथ शुरुआत करना और फिल्म इंडस्ट्री के सबसे महान निर्देशकों में से एक राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित फिल्म का हिस्सा होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैंने इस फिल्म को साइन करने के बारे में कभी सोचा नहीं था और मुझे यह मौका देने के लिए मैं हमारी फिल्म के निर्माता साजिद कुरैशी का बहुत आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमारी फिल्म पर उसी तरह अपार प्यार और सराहना बरसाएंगे जैसे उन्होंने हमारे सभी गानों पर की है।

बैड बॉय की कहानी आपको अंत तक अपनी सीट से बांधे रखेगी, फिल्म आपको गुदगुदाने के साथ–साथ आपके दिल को भी छू लेगी। फिल्म बैड बॉय में जॉनी लीवर, राजपाल यादव, दर्शन जरीवाला और शाश्वत चटर्जी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म इसलिए ज्यादा खास है क्योंकि इससे अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी चक्रवर्ती फिल्मी दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है। इसमें वह अभिनेत्री अमरीन के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर काफी मजेदार और दिलचस्प लग रहा है। हालांकि, यह कहानी आपको भावुक भी करेगी। नमाशी की अदाकारी ने हर शख्स का दिल जीत लिया है।

## किसी का भाई... के ट्रेलर लॉन्च पर शहनाज गिल का दिखा बोल्ड अवतार, वायरल हुईं तस्वीरें

बिग बॉस सीजन 13 की एक्स कंटेस्टेंट और एंटरटेनमेंट क्वीन शहनाज गिल ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में शहनाज गिल का काफी बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है। बता दें कि सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है। इस दौरान फिल्म की पूरी टीम एकसाथ नजर आई थी। जहां शहनाज गिल के ग्लैमरस लुक ने लाइमलाइट लूट ली थी।

पंजाब की केटरीना शहनाज गिल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को लेकर चर्चाओं में हैं। बता दें कि 10 अप्रैल को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया है। जहां उनकी पूरी टीम एकसाथ नजर आई थी। जहां शहनाज गिल ने अपने बोल्ड अवतार से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया था।

## स्नेहल राय ने दो महीने में कम किया 15 किलो वजन, शेयर की टिप्स




इश्क का रंग सफेद, इच्छाप्यारी नागिन, विश और कई अन्य टीवी शो का हिस्सा रह चुकीं स्नेहल राय ने दो महीनों में 15 किलो वजन कम करने के बारे में बात की और फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए टिप्स शेयर किए।

स्नेहल ने कहाः मैं अपने शरीर को अपना मंदिर मानती हूं। मेरा ध्ढ़ विश्वास है कि अधिक खाना एक लत है जो धूम्रपान या शराब के सेवन जितना ही खतरनाक हो सकता है।वह इस बात पर जोर देती हैं कि इन अस्वास्थ्यकर आदतों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, और इसलिए, हम क्या खाते हैं, इस पर ध्यान देना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि उनके लिए खूबसूरत होने का मतलब है फिट और स्वस्थ रहना, भले ही उनका वजन कुछ भी हो।

मेरा मानना है कि अपने शरीर की देखभाल करना पूजा का एक रूप है, और मुझे अपने शरीर के हर इंच पर गर्व है। मेरे स्वास्थ्य और फिटनेस को बनाए रखने की मेरी प्रतिबद्धता एक स्वस्थ जीवन शैली का नेतृत्व करने के लिए मेरे समर्पण को दर्शाती है।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी भी अपने शरीर के वजन या दिखने की आलोचना को नकारात्मक तरीके से नहीं लेती हैं, बल्कि वह इसे फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरणा के रूप में लेती हैं।

उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कड़ी मेहनत करने और अपने आलोचकों को गलत साबित करने के लिए प्रेरणा के रूप में ताने और नकारात्मक टिप्पणियों का उपयोग करना सीखा है।

## डीनो डेनिस की एक्शन एंटरटेनर बाजूका में नजर आएंगे ममूटी

सुपरस्टार ममूटी निर्देशक डीनो डेनिस की मलयालम एक्शन एंटरटेनर फिल्म बाजूका में नजर आएंगे, जिसमें गौतम मेनन और गायत्री अय्यर भी हैं। मम्मूटी ने कहाः मैं इस बहुत ही रोमांचक कहानी पर डीनो के साथ काम कर वास्तव में खुश हूं। युवा पेशेवरों के साथ काम करना हमेशा उत्साहजनक होता है, जो सिनेमा और दुनिया को नई आंखों से देखते हैं।

वह जोखिम लेने को हमेशा तैयार हैं और ऐसी कहानियां बताना चाहते हैं जो पहले कभी नहीं बताई गई। मुझे यकीन है कि यह फिल्म हम सभी के लिए मील का पत्थर साबित होगी और दर्शकों को भी रोमांचित करेगी।

अनुभवी स्क्रिप्ट राइटर कलूर डेनिस के बेटे व डायरेक्टर डीनो डेनिस ने कहाः मेरी पहली फिल्म में ममूटी सर के जैसा स्टार होना एक सपने के सच होने जैसा है और उनके साथ काम करना जीवन भर का अनुभव है।

सारेगामा इंडिया लिमिटेड के फिल्म स्टूडियो यूडली फिल्म्स ने यह घोषणा की। सारेगामा इंडिया लिमिटेड में फिल्म्स एंड इवेंट्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सिद्धार्थ आनंद ने कहाः बाजूका एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट है क्योंकि इसमें ममूटी सर जैसे लेजेंड को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है जो उनके प्रशंसकों को पूरी तरह से हैरान कर देगा।

को–प्रोड्यूसर जिनू वी. अब्राहम ने कहाः इस फिल्म का निर्माण एक ऐसी यात्रा होने जा रही है जो बिल्कुल अलग है और हमें यकीन है कि दर्शक इस अविश्वसनीय कहानी को देखेंगे। फिल्म का सह–निर्माण भी डोल्विन कुरियाकोस ने किया है।

## वैम्पायर के प्यार में पड़े डॉक्टर रॉय, खतरनाक है शांतनु और तान्या की टूथ परी का ट्रेलर



ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बहुत से व्यूअर्स वैम्पायर हॉरर वेबसीरीज का बहुत दिल से वेट करते हुए नजर आते हैं. इस तरह के तमाम दर्शकों के लिए तान्या मानिकतला और शांतनु महेश्वरी अभिनीत वैम्पायर हॉरर सीरीज टूथ परी का ट्रेलर आउट कर दिया गया है. सीरीज के ट्रेलर को व्यूअर्स काफी पसंद कर रहे हैं. इस सीरीज में दर्शकों को एक कॉमन मैन की वैम्पायर के साथ लवस्टोरी को दिखाया जाएगा.

आने वाली वेबसीरीज के ट्रेलर को तान्या मानिकतला ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. सीरीज के ट्रेलर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा कि ट्विस्टेड लव, सीक्रेट वर्ल्ड, वैम्पायर और इंसानों का प्यार.ट्रेलर के शुरुआती हिस्से में शांतनु मुखर्जी और तान्या मानिकतला एक कॉमन मैन के रूप में नजर आते है. हालांकि जैसे–जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, वैसे ही तान्या मानिकतला का वैम्पायर का रूप सामने आ जाता है. सीरीज में शांतनु मुखर्जी एक डॉक्टर के रोल में तो वहीं तान्या मानिकतला वैम्पायर टूथ परी वैम्पायर के किरदार में दिखेंगी.सीरीज का ट्रेलर देखने से समझा जा सकता है कि इसमें दर्शकों को एक फीमेल वैम्पायर की बहुत ही जबरदस्त लवस्टोरी देखने को मिलने वाली है, जो अपने प्यार के लिए जंग करती हुई नजर आएगी. सीरीज के ट्रेलर में बहुत ही शानदार ढंग से वैम्पायर की दुनिया को भी दिखाया गया है. वैम्पायर वेबसीरीज को पसंद करने वालों के लिए ये सीरीज बहुत अच्छा ऑप्शन बन सकती है.प्रीतम डी गुप्ता के द्वारा डायेक्ट टूथ परी को ओटीटी व्यूअर्स के लिए 20 अप्रैल को नेटफ्लिकस पर रिलीज किया जाएगा. अब ये देखना दिलचस्प रहेगा कि इस वैम्पायर हॉरर वेबसीरीज को दर्शकों का कितना प्यार मिलता है.

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com